अप्रैल 2007
मसौदा अंतिम रिपोर्ट

# असम, कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश के चुनिंदा जिलों में प्रैंचाइजी प्रणाली का मूल्यांकन

**रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड**
के लिए तैयार

परियोजना रिपोर्ट सं. 2006 ई आर 39
ऊर्जा तथा संसाधन संस्थान

कापीराइट : ऊर्जा तथा संसाधन संस्थान 2007

## साइटेशन के लिए सुझावित प्रपत्र

टी ई आर आई – 2007
असम, कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश के चुनिंदा
जिलों में प्रैंचाइज तंत्र का मूल्यांकन
नई दिल्ली : ऊर्जा तथा संसाधन संस्थान ।
[परियोजना रिपोर्ट सं. 2006 ई आर 39]

## अधिक जानकारी के लिए

परियोजना मॉनीटरिंग प्रकोष्ठ
टी ई आर आई
दरबारी सेठ ब्लॉक
आई एच सी परिसर, लोधी रोड
नई दिल्ली-110003

दूरभाष: 246821 या 24682111
ई-मेल: pmc@teri.res.in
फैक्स: 24682144 या 24682145
वेबसाइट : www.terinai.org
भारत+91 दिल्ली (0)11

## परियोजना दल

### परियोजना सलाहकार

. श्रीमती आकांक्षा चावरे

## परियोजना दल

. श्री एम एस भल्ला
. श्री देबजीत पलित
. श्रीमती मनीषा जैन
. श्रीमती मेघा शुक्ला
. श्रीमती मैरी अब्राहम
. श्री विवेक झा
. श्री जितेन्द्र तिवारी

## विषय-सूची तालिका

अध्याय-1. परिचय -- 1
1.1 अध्ययन का उद्देश्य तथा विषय-क्षेत्र -- 2
1.2 अध्ययन कार्यप्रणाली -- 3
1.3 रिपोर्ट की रूपरेखा -- 5
अध्याय 2 – दमोह (मध्य प्रदेश) -- 7
2.1 पृष्ठभूमि -- 7
2.2 व्यवसाय मॉडल -- 8
2.3 उपभोक्ता सर्वेक्षण -- 15
2.4 विद्यमान मॉडल में अनुभव -- 16
2.5 तंत्र का पुन: प्रतिरूपण -- 22
अध्याय 3 नगांव – असम -- 23
3.1 पृष्ठभूमि -- 23
3.2 अध्ययन क्षेत्र में व्यवसाय मॉडल -- 26
3.3 विद्यमान मॉडल में अनुभव -- 33
3.4 परिसीमाएं -- 38
3.5 तंत्र का पुन: प्रतिरूपण (रि मॉडलिंग) -- 42
3.6 निष्कर्ष -- 44
अध्याय 4 गुलबर्ग (कर्नाटक) -- 45
4.1 पृष्ठभूमि -- 46
4.2 आर जी जी वी वाई के अंतर्गत ग्राम विद्युतीकरण की स्थिति -- 48
4.3 व्यवसाय मॉडल -- 51
4.4 यूटिलिटी को समस्याएँ -- 53
4.5 उपभोक्ता सर्वेक्षण -- 54
4.6 विद्यमान मॉडल में अनुभव -- 58
4.7 तंत्र का पुन: प्रतिरूपण -- 64
4.8 निष्कर्ष -- 66
अध्याय 5 : निष्कर्ष तथा सिफारिशें -- 68

## अध्याय 1 - परिचय

अप्रैल 2005 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना शुरू की गई जिसका उद्देश्य अगले पाँच वर्षों में शत-प्रतिशत आवास विद्युतीकरण करना था । पूंजी परिव्यय के 90 प्रतिशत के बराबर सब्सिडी उपलब्ध करायी गयी । योजना की मुख्य विशेषता ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत वितरित करने तथा राजस्व एकत्र करने के लिए फ्रैंचाइजियों की तैनाती है । योजना के तहत पूंजी सब्सिडी के लिए पात्र परियोजनाओं हेतु राज्यों का परियोजना की स्वीकृति के दो वर्ष के अंतर्गत ग्रामीण वितरण तंत्र के प्रबंधन के लिए प्रैंचाईजी तंत्र की स्थापना पूर्व वचनबद्धता उपलब्ध कराना अपेक्षित है । जिसका अनुपालन न होने की स्थिति में पूंजी सब्सिडी को ब्याज युक्त ऋणों में परिवर्तित किया जा सकता है । प्रैंचाईजी तैनाती के लिए दिशानिर्देश आर ई सी द्वारा जारी किए गए हैं तथा राज्यों का इन दिशानिर्देशों का अनुसरण करना अपेक्षित है । योजना को शुरू हुए एक वर्ष से अधिक हो चुका है तथा बहुत से राज्यों को निधि जारी की जा चुकी है । जैसा कि सारणी 1.1 में दर्शाया गया है कि बहुत से राज्यों में प्रैंचाईजी पहले से स्थापित हैं तथा अन्य राज्यों में संस्थापन की प्रक्रिया शुरू है ।

**सारणी 1.1 देश में प्रैंचाइज की स्थिति (सितंबर 2006 की स्थिति )**

| राज्य | नियुक्त प्रैंचाइजी की संख्या | शामिल किए गए/ किए जाने वाले गांवों की स. |
|---|---|---|
| असम | 231 आई बी एफ | 816 |
| बिहार | डी टी स्तर पर एन आई टी जारी | 34821 |
| | 11 के वी फीडर स्तर पर 29 | 600 |
| छत्तीसगढ़ | 18.12.2005 को एन आई टी जारी | 19720 |
| हरियाणा | 1 | 173 |
| कर्नाटक | 3652(एकत्र राजस्व) | 17125 |
| | 40 आई बी एफ | 800 |
| नागालैंड | 285 आई बी एफ | 285 |
| पंजाब | सभी 17 जिलों के लिए एन आई टी जारी | 12278 |
| राजस्थान | 11 के.वी. फीडर स्तर पर 2 | 60 |
| उत्तर प्रदेश | 87 | 10391 |
| उत्तरांचल | 41 एस एच जी | 5321 |
| पश्चिम बंगाल | 196 | 169 |
| मध्य प्रदेश | 7 | 114 |
| आंध्र प्रदेश | 2 | 8 |
| उड़ीसा | 11 के वी फीडर पर 7 | 675 |
| कुल | 4580 | 37537 (संक्रियात्मक) |

स्रोत: 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए विद्युत पर कार्य समूह के उप समूह 3 की रिपोर्ट

अत इस स्तर पर, संक्रियात्मक प्रैंचाइजी मॉडलों के समीक्षात्मक मामलों तथा सफलता के कारकों पर **अंतर्दृष्टि** डालने के लिए तंत्र की एक मूल्यांकन प्रक्रिया का पालन करना महत्वपूर्ण हो जाता है ।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन ने 22 जनवरी 2007 के अपने पत्र सं. आर ई सी/आर जी जी वी वाई/प्रैंचाइजी इवेलुएशन/2006-07 के द्वारा टी ई आर आई को (नगांव जिला), कर्नाटक (गुलबर्गा जिला) तथा मध्य प्रदेश (दमोह) राज्यों में प्रैंचाईजी तंत्र के मूल्यांकन के लिए अध्ययन की मंजूरी दी गयी है ।

---

## 1.1 अध्ययन का उद्देश्य तथा विषय-क्षेत्र

अध्ययन का उद्देश्य प्रैंचाइजी अभियान के विद्यमान मॉडलों के मजबूत तथा कमजोर पक्षों की पहचान करने के लिए असम के नगांव जिले, कर्नाटक के गुलबर्ग जिले तथा मध्य प्रदेश के दमोह जिले में प्रैंचाइजी तंत्र का मूल्यांकन करना है और देश में संक्रियात्मक प्रैंचाइजी मॉडलों के सुदृढ़ीकरण तथा निरंतरता के लिए मार्गदर्शन करना है । अध्ययन विषय-क्षेत्र विचारार्थ विषय संलग्नक-I.1 के रूप में संलग्न है ।

## 1.2 अध्ययन कार्यप्रणाली

अध्ययन कार्यप्रणाली में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

- यूटिलिटी से द्वितीयक आधार सामग्री जैसे प्रैंचाईजी ब्यौरा, आवृत्त किए गए गाँवों की संख्या, प्रैंचाईजी के कार्यक्षेत्र में वितरण तंत्र पर आधारित जानकारी, संबद्ध भार तथा प्रैंचाईजी संक्रियात्मक क्षेत्र में ऊर्जा उपयोग का प्रतिरूप, भरी गई मासिक ऊर्जा तथा प्रैंचाईजी संक्रियात्मक क्षेत्र में प्राप्त राजस्व तथा अध्ययन क्षेत्र में विभिन्न प्रैंचाईजियों के संगठन आदि सूचनाए एकत्रित करना ।

- यूटिलिटी तथा प्रैंचाईजी से संलग्न प्रश्नावली पर आधारित एकत्र की गयी प्राथमिक आधार सामग्री (परिमाणात्मक तथा गुणात्मक) को एकत्र करना । संकेद्रित सामूहिक विचार-विमर्श का आयोजन किया गया जिसमें चुने गये गाँवों के विद्युत उपभोक्ताओं की सभी श्रेणियों (घरेलू, व्यावसायिक, कृषि तथा औद्योगिक) शामिल किया गया तथा विद्युत वितरण तंत्र और क्षेत्र में प्रैंचाईजियों के कार्य से संबंधित मामलों पर अंतर्दृष्टि डालने के लिए इन गाँवों के प्रमुख लोगों से मुलाकात की गई । अध्ययन के लिए साक्षात्कार अनुसूची गाइड तथा सर्वेक्षण मैट्रिक्स को संलग्नक-iv में आकृति 1.1 तथा सारणी 1.2 यू जी, एफ जी, एफ डी जी, के पी आई तथा सी एस में दिया गया है । परिमाणात्मक तथा गुणात्मक आधार सामग्री को गौण स्रोतों के माध्यम से एकत्रित किया गया तथा अध्ययन राज्यों में प्रैंचाईजी तंत्र का मूल्यांकन करने के लिए प्राथमिक सर्वेक्षणों का विश्लेषण किया गया ।




आकृति 1.1: साक्षात्कार मूल्यांकन अनुसूची

**सारणी 1.2 : सर्वेक्षण आयोजन के लिए मैट्रिक्स**

| जिला | यू जी | एफ जी [1] | एफ जी डी2 | के पी आई |
|---|---|---|---|---|
| दमोह | 1 | 4 | 4 | 10 |
| नगांव | 1 | 13 | 302 | 60 |
| गुलबर्ग | 3 | 10 | 10 | 60 |

## 1.2.1 नमूने के गांवों का चयन

### 1.2.1.1 दमोह

यहां पर 4 प्रैंचाइजी हैं जो दामोह में प्रैंचाईजिंग के आगत आधारित मॉडल के अंतर्गत कार्य करते हैं । मरम्मत तथा रखरखाव को छोड़कर प्रत्येक प्रैंचाईजी को 100 के वी ए क्षमता का एक संवितरण ट्रंसफार्मर आबंटित किया गया है । प्रैंचाइजिंग के अंतर्गत ये चार राजस्व गांव गैर-राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना गांवों की श्रेणी में आते हैं । टीम ने सभी चारों गांवों का सर्वेक्षण किया । 7 मार्च 2007 को स्थल निरीक्षणों तथा क्षेत्र सर्वेक्षणों पर आधारित एक समापन बैठक जबलपुर में डिस्कॉम के मुख्य इंजीनियर (संवितरण) के साथ आयोजित हुई ।

### 1.2.1.2 नगांव

मूल्यांकन में विभिन्न स्तर के यूटिलिटी अधिकारियों (डिस्कॉम निगमित कार्यालय, जिले स्तर पर विद्युत वितरण सर्किल तथा विद्युत वितरण प्रभाग) के साथ चर्चा, संक्रियात्मक प्रैंचाईजियों (प्रैंचाइज मालिक तथा कर्मचारी दोनों) के साथ चर्चा, एफ जी डी तथा गांवों में उपभोक्ता सर्वेक्षण शामिल है । 31 जनवरी 2007 तक 41 प्रैंचाईजी अधिष्ठापित किए जा चुके हैं (जनवरी 2007 से एक प्रैंचाईजी काम नहीं कर रहा है।) तथा संक्रियात्मक प्रैंचाइजी वर्तमान में जिले के 113 डी टी का प्रबंध कर रहे हैं । मूल्यांकन में, जिले के 4 विद्युत उप प्रभाग,40 संक्रियात्मक प्रैंचाईजियों में से 13 प्रैंचाइजी तथा विचारार्थ विषय के अनुसार प्रैंचाइजियों के संक्रियात्मक क्षेत्र (सारणी 1) में आने वाले कुल 30 गांव, शामिल किए गए हैं । सर्वेक्षण किए गए प्रत्येक गांव में सामूहिक चर्चा आयोजित की गई जिसमें सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है ताकि प्रैंचाईज तंत्र तथा जिले में उसके संचालन में

---

[1] प्रतिचयन में आवृत्त हर प्रैंचाईजी के लिए एक प्रैंचाइजी गाइड

[2 1] प्रत्येक गांव एफ जी डी; प्रत्येक एफ जी डी में विभिन्न श्रेणियों (घरेंलू, व्यावसायिक आदि) के 8-10 उपभोक्ता उपस्थित हुए ।

उपयुक्त तालमेल बन सके । एफ जी डी के अतिरिक्त, प्रश्नावली आधारित एप्रोच के माध्यम से उपभोक्ता सर्वेक्षण भी आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य व्यक्तियों (जैसे ग्राम प्रधान, शिक्षक इत्यादि), सर्वेक्षण किए गए प्रत्येक गांव से व्यावसायिक तथा घरेलू उपभोक्ताओं को शामिल किया गया तथा गांवों के सामाजिक, आर्थिक प्रोफाईल (बी पी एल, ए पी एल, एस सी इत्यादि) की विभिन्नताओं में भी वितरण को निरूपित किया गया ।

### 1.2.1.3 गुलबर्गा

जिले में सभी तीनों प्रभागों के 297 सक्रिय प्रैंचाईजियों में से 12 प्रैंचाइजियों के यादृच्छिक आधार पर नमून चुने गए । हर खंड से विभिन्न नमूने शामिल किए गए ताकि सबका प्रतिनिधित्व रहे। कुल उन 31 गांवों को शामिल किया गया जिनमें प्रैंचाइजी प्रकार्यात्मक हैं तथा इन गांवों में उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया गया । स्थल निरीक्षणों तथा क्षेत्र के सर्वेक्षणों के आधार पर 21 मार्च 2007 को हुबली में डिस्कॉम के मुख्य प्रबंध निदेशक(सी एम डी) के साथ एक समापन बैठक आयोजित की गई ।

## 1.3 रिपोर्ट की तैयारी

प्रत्येक जिले के निष्कर्ष को विस्तृत रूप से उत्तरवर्ती अध्यायों में बताया गया है । निम्नलिखित पर एक पूर्ण दृष्टिकोण उपलब्ध कराने के लिए अध्यायों को तैयार किया गया है ।

1. यूटिलिटी तथा प्रैंचाइजी के बीच समझौते के ब्यौरे तथा चयन प्रक्रिया सहित जिले में संचालित प्रैंचाईजी का बिज़नेस मॉडल ।

2. वर्तमान मॉडल में अनुभव जिसमें निम्नलिखित मुख्य बातें दर्शायी जाएं

   (क) परियोजना से उपभोक्ता, प्रैंचाइजी तथा यूटिलिटी को लाभ हो ।

   (ख) तंत्र की असफलताएं एवं कमियां, यदि कोई हों

3. अपेक्षित तंत्र के पुन: मॉडलीकरण में शामिल हैं:-

   (क) वर्तमान तंत्र के विस्तार/सुधार की संभाव्यता ।
   (ख) ऐसे विस्तार/सुधार में आने वाली बाधाएं ।

   (ग) ऐसी बाधाओं को दूर करने के लिए संस्तुतियां ।

4. निष्कर्ष एवं सिफारिशें ।

# अध्याय 2 – दमोह (मध्य प्रदेश)

मध्य प्रदेश सरकार ने 01 जुलाई 2002 के आदेश के द्वारा मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एम पी पी के वी वी सी एल) को, कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत मध्य प्रदेश सरकार के निगम रूप में, समाविष्ट कर लिया है ताकि जबलपुर, सागर तथा रीवा कमिशनरियों के क्षेत्र में मध्य प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की ओर से बिजली वितरण तथा खुदरा आपूर्ति की गतिविधियों को कार्यान्वित किया जा सके ।

मध्य प्रदेश सरकार ने एक अचिरस्थायी चरण प्रस्तावित किया, जिसमें परिसंपत्तियों तथा दायित्वों की व्यवस्था बोर्ड करता रहेगा । नई कंपनी केवल संचालनात्मक गतिविधियों को कार्यान्वित करेगी । मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एम पी ई आर सी) ने 16 जुलाई 2002 के आदेश में इस ऑपरेशन तथा प्रबंधन व्यवस्था के लिए अनुमति प्रदान की, ताकि विद्युत क्षेत्र की संचालनात्मक गतिविधियों में किफायत व कुशलता लायी जाए तथा पुनर्गठन एवं सुधार प्रक्रिया को सुकर बनाया जा सके । पूर्व क्षेत्र ने अपने सेवा क्षेत्र में 59,489 कि.मी. तक एच टी तथा 1,02,231 कि.मी. तक एल टी वितरण नेटवर्क फैलाया हुआ है । प्रशासनिक व्यवस्था का आकार निम्नवत है:-

**सारणी 2.1 पूर्व क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था**

| | |
|---|---|
| क्षेत्रों की संख्या | 3 |
| सर्किलों की संख्या | 13 |
| प्रभागों की संख्या | 39 |
| उप प्रभागों की संख्या | 189 |
| वितरण केंद्रों की संख्या | 368 |
| फ्यूज कॉल सेंटरों की संख्या | 1,888 |

---

## 2.1 पृष्ठभूमि

दमोह जिला, दमोह (ओ एण्ड एम) सर्किल के अंतर्गत आता है, जिसमें ओ एण्ड एम डिवीजन दक्षिण तथा उत्तर नामत: दो ओ एण्ड एम डिवीजन हैं तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर 18 वितरण केन्द्र हैं । यहां जिले में कुल सात ब्लॉक-दमोह, जबेरा, तेंदुखेड़ा, पाथरिया, बतियागढ़, हट्टा और पटेरा हैं । पुरानी परिभाषा के अनुसार सभी ब्लॉकों में विद्युतीकरण की दर औसतन 95% है ।

दमोह जिले की विद्युत आपूर्ति 132/33 के वी सब-स्टेशनों (एस/एस) तथा 220/33 के वी सब-स्टेशनों द्वारा की जाती है तथा दमोह में 220/33 के वी सब-स्टेशनों के साथ 396 कि.मी. तक 33 के वी लाईन तथा 2650 कि.मी. की 11 के वी लाईन हैं । ग्रामीण संदर्भ में, जिले में 1123 विद्युतीकृत गांव तथा 1144 विद्युतीकृत आवास हैं । दूसरी ओर, यहां पर 52 अविद्युतीकृत गांव तथा 487 अविद्युतीकृत आवास हैं । 26871 बी पी एल सहित विद्युतीकृत आवासें की कुल संख्या 53725 है तथा यहां पर 63319 बी पी एल सहित अविद्युतीकृत ग्रामीण आवासों की संख्या 126121 है । इन अविद्युतीकृत गांवों तथा आवासों को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत विद्युतीकृत किया जाएगा ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने अपने पत्र (पत्र सं. सी एम डी/एस ओ/1594) दिनांक 12.06.2006 के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में फ्रैंचाईजी योजना शुरू किया था ताकि राजस्व प्रबंधन तंत्र (राजस्व में हो रही कमी को दूर करने के लिए) में सुधार किया जा सके तथा उपभोक्ताओं को अच्छी व त्वरित सेवा दी जा सके । यहां फ्रैंचाइजिंग के इनपुट बेस मॉडल के अंतर्गत 4 फ्रैंचाइजी कार्यरत हैं । मरम्मत तथा रखरखाव को छोड़कर, प्रत्येक फ्रैंचाईजी को 100 के वी ए क्षमता का एक वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) आबंटित किया गया है । फ्रैंचाइजियों के अंतर्गत ये चार राजस्व गांव गैर-

आर जी जी वी वाई गांवों के अंतर्गत आते हैं । इन गांवों में प्रैंचाइजियों द्वारा संबद्ध उपभोक्ताओं की कुल संख्या (घरेलू, व्यावसायिक, कृषि, स्ट्रीट लाईट तथा औद्योगिक सहित) 289 है ।

जिले का मूल्यांकन 7 मार्च 2007 को जबलपुर में मुख्य इंजीनियर के साथ आयोजित समापन बैठक के साथ पूर्ण हुआ ।

## 2.2 व्यवसाय मॉडल

### 2.2.1 चयन प्रक्रिया

दमोह जिले (मध्य प्रदेश) में प्रैंचाइजियों के चयन हेतु यूटिलिटी द्वारा अपनाई गई क्रियाविधि निम्नवत है:-

1. यूटिलिटी अधिकारियों ने स्थानीय समुदाय के साथ हितधारक परामर्श शुरू किया तथा इच्छुक उद्यमियों के आवेदन एकत्रित किए ।
2. उद्यमियों की एक सूची तथा उनके संबंधित गांवों की लघु-सूची अगले मूल्यांकन के लिए तैयार की गयी ।
3. वित्तीय, सामाजिक तथा अन्य संबंधित चयन पैरामिटरों का मूल्यांकन करने के लिए एक दल का गठन किया गया, ताकि अंतिम प्रैंचाइजियों का चयन किया जा सके ।

हालांकि, यह एक बहुत ही अनौपचारिक प्रक्रिया थी तथा इसमें सामुदायिक जागरूकता के प्रसार संबंधी समीक्षात्मक घटक का अभाव था । योजना को उपयुक्त रूप से विज्ञापित नहीं किया गया (स्थानीय समाचार पत्रों में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया गया) तथा परिणामस्वरूप योजना सभी की भागीदारी को सुनिश्चित करने में नाकाम रही जिसके फलस्वरूप केवल चार प्रैंचाईजियों की व्यवस्था हुई ।

### 2.2.2 करारनामा

प्रैंचाइजियों तथा यूटिलिटी के बीच करारनामे पर पहली बार में 24 महीनों की कार्य अवधि के लिए हस्ताक्षर हुए ( संलग्नक-II-1) । इस करारनामे में निम्नलिखित शामिल थी :-

- प्रैंचाइजी तथा यूटिलिटी के उत्तरदायित्व
- राजस्व प्राप्ति के लिए टैरिफ संरचना
- प्रतिभूति जमा
- प्रैंचाइजी के कर्तव्य जैसे पूर्व बकाए की वसूली, राजस्व संग्रहण, तथा
- अन्य निबंधन एवं शर्तें

जिले में प्रत्येक प्रैंचाइजी द्वारा सेवा प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या सारणी 2.2 में सूचीबद्ध है । इसके अतिरिक्त दमोह में ग्रामीण क्षेत्रीय प्रैंचाइजी विकास की प्रगति से संबंधित ब्यौरा संलग्नक-II-2 में दिया गया है ।

**सारणी 2.2: 2006-07 के दौरान दमोह जिले में प्रैंचाइजियों के अंतर्गत उपभोक्ता**

| क्रमांक | प्रैंचाइजी | कार्य सुपुर्दगी के समय कुल उपभोक्ता | 21.02.2007 तक कुल उपभोक्ता |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश सिंह | 83 | 104 |
| 2. | श्री सतेन्द्र सिंह | 67 | 110 |
| 3. | श्री मेघराज सिंह | 56 | 72 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | श्री चंद्रभान सिंह | 52 | 52 |

---

### 2.2.2.1 **कर्तव्य, उत्तरदायित्व तथा दंड**

यूटिलिटी के साथ किए गए करार के अनुसार प्रैंचाइजी निम्न कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं:-

1. मीटर पठन
2. बिल वितरण
3. राजस्व वसूली
4. नये कनेक्शन कार्यान्वयन

यूटिलिटी के उत्तरदायित्व निम्न प्रकार से हैं:-

1. वे संवितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) को सुनिश्चित करेंगे तथा उनके नेमी रखरखाव की लागत को भी वहन करेंगे (आकृति 2.1) ।

2. यूटिलिटी नये संवितरण ट्रंसफार्मर को लगाने के कार्य तथा प्रवर्तन कार्य को करेगी तथा उसकी लागत को भी वहन करेगी ।

3. यूटिलिटी एच टी/एल टी लाईनों का रखरखाव करेगी तथा उनके दोषों को दूर करेगी ।

4. प्रैंचाइजी क्षेत्र में स्थापित वितरण ट्रंसफार्मरों (डी टी आर) की कुल संख्या के 12% तक खराब हुए ट्रंसफार्मरों को बदलने तथा उनकी लागत को वहन करने की जिम्मेदारी यूटिलिटी की होगी, हालांकि उपरोक्त सीमा से अधिक खराब हुए ट्रंसफार्मरों को भी यूटिलिटी द्वारा बदला जाएगा, किन्तु उनकी लागत को प्रैंचाईजी द्वारा वहन किया जाएगा

5. क्षेत्र सौंपे जाने से पूर्व कंपनी वितरण ट्रांसफार्मरों (डीटीआर) के रखरखाव का कार्य करेगी ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि उपयुक्त फ्यूज़, एल टी कट-आऊट तथा अर्थिंग उपलब्ध कराई गई है। यूटिलिटी यह भी सुनिश्चित करेगी कि रेबी मौसम में अस्थायी कृषि पंप कनेक्शन के लोड सहित विजली के अधिकृत लोड के 80% से अधिक लोड वितरण ट्रंसफार्मर (डीटीआर) पर नहीं हो ।

आकृति 2.1 : संस्थापित मीटर के साथ ट्रंसफार्मर

### 2.2.2.2. **टैरिफ**

प्रैंचाइजी का बिल, बेस लाईन में आपूर्ति की गई सभी यूनिटों का बिल रूपये 1.00 प्रति यूनिट की दर से बनाया जाएगा (कर तथा उपकर को छोड़कर) तथा प्रैंचाइजी को बिल राशि का भुगतान बिल जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर करना होगा । उपरोक्त उल्लिखित बेस दर के अलावा प्रैंचाईजड़ क्षेत्र के उपभोक्ताओं को दिए गए बिल में कर तथा उपकर की राशि का भुगतान भी प्रैंचाइजी को करना होगा ।

बिल क्षेत्र के कार्यपालक इंजीनियर (संचालन एवं रखरखाव) द्वारा जारी किए जाएंगे तथा जैसा ऊपर उल्लिखित है, अधिदेश के अधीन फ्रैंचाइजियों को बिल जारी होने की तिथि से सात दिनों के भीतर भुगतान करना अपेक्षित है ।

एम पी ई आर सी द्वारा जारी संबंधित टैरिफ आदेश के अनुसार उपभोक्ताओं के लिए लागू टैरिफ निम्नवत है (सारणी 2.3 से 2.7) ।

**सारणी 2.3 ऊर्जा शुल्क (घरेलू [3])**

| मासिक खपत (यूनिटों में) | टेलीस्कोपी सुविधा के बिना खपत हुई सभी यूनिटों के लिए ऊर्जा लागत शुल्क(पैसे/यूनिट) | न्यूनतम शुल्क (रूपये प्रति माह प्रत्येक कनैक्शन के लिए) |
|---|---|---|
| प्रथम 30 यूनिट | 265 | |
| 31 से 50 | 270 | |
| 51 से 100 | 300 | 30 |
| 100 से अधिक | 340 | |
| अस्थायी कनैक्शन | 510 | 350 |
| डी टी आर मीटर के द्वारा | 245 | शून्य |

**सारणी 2.4** निश्चित **शुल्क**

| मासिक खपत | निश्चित शुल्क रूपये प्रति माह निरंतर बिजली आपूर्ति[4] क्षेत्र में | अन्य क्षेत्र में |
|---|---|---|
| प्रथम 30 यूनिट | शून्य | शून्य |
| 31 से 50 | 5 | 2 |
| 50 से 100 | 10 | 5 |
| 100 से 200 | 30 | 15 |
| 200 से अधिक | 15 प्रति ½ कि.वा. | 10 प्रति ½ कि.वा |
| अस्थायी कनैक्शन | 30 प्रति ½ कि.वा | 20 प्रति ½ कि.वा |

[3] घरेलू टैरिफ केवल आवास में प्रयुक्त लाईटिंग, स्पेश कंडीशनिंग तथा आवासीय प्रयोग के लिए पावर हेतु लागू है ।

[4] निरंतर बिजली आपूर्ति से तात्पर्य ऐसी आपूर्ति से है जो एक दिन में औसतन 23½ घंटे अथवा उससे अधिक हो ।

**सारणी 2.5 कृषि[5] के सिंचाई पंपों के लिए टैरिफ़**

| क्रमांक | उप श्रेणी | ऊर्जा लागत शुल्क पैसे प्रति यूनिट |
|---|---|---|
| - | मीटर वाले उपभोक्ता | |
| 1. | स्थायी कनैक्शन | |
| क. | प्रथम 300 यूनिट प्रति माह | 200 |
| ख. | माह में खर्च शेष यूनिटें | 250 |

| | | |
|---|---|---|
| ग. | अस्थायी कनैक्शन | 300 |
| 2. | ओ वाई टी डी टी आर मीटर वाले उपभोक्ता | |
| क. | सभी यूनिटों के लिए | 220 |

**सारणी 2.6 कृषि उपभोक्ताओं[6] को दिया जाने वाला प्रोत्साहन**

| क्रमांक | विवरण | टैरिफ़ में छूट की दर [7] |
|---|---|---|
| 1. | पंपसैटों की मोटरों के संस्थापन हेतु | 10 पैसे प्रति यूनिट |
| 2. | पंपसैट की आई एस आई मोटर के संस्थापन हेतु तथा घर्षणरहित पी वी सी पाईपों तथा फुट वाल्ब का उपयोग | 20 पैसे प्रति यूनिट |
| 3. | पंपसैट की आई एस आई मोटर के संस्थापन हेतु तथा घर्षणरहित पी वी सी पाईपों तथा फुट वाल्ब का उपयोग उपयुक्त श्रेणी के शंट कैपेसिटर के संस्थापन के साथ | 30 पैसे प्रति यूनिट |

[5ये] टैरिफ, कृषि पंप कनैक्शन, कुट्टी-मशीनों, थ्रैशरों, विनोविंग मशीनों तथा सिंचाई पंपों के लिए लागू हैं ।

[6ये] प्रोत्साहन कृषि उपभोक्ताओं को ऊर्जा के बचत संबंधी उपकरणों के संस्थापन करने पर दिए जाएंगे बशर्ते कि लाईसेंसी उससे संतुष्ट हो ।

[7ये] दरें सप्ताह में छह दिन, छह घंटों की अवधि में तीन फेस की आपूर्ति करने के लिए हैं ।

**सारणी 2.7 कर तथा उपकर**

| क्रमांक | उप श्रेणी | कर | उपकर |
|---|---|---|---|
| 1. | घरेलू | | |
| | (क) प्रथम 100 यूनिट | 14% | 10 पैसे प्रति यूनिट |
| | (ख) 100-300 यूनिट | 15% | 10 पैसे प्रति यूनिट |
| | (ग) 300 से अधिक यूनिट | 23% | 10 पैसे प्रति यूनिट |
| 2. | कृषि के लिए सिंचाई पंप | निशुल्क | 10 पैसे प्रति यूनिट |

### 2.2.2.3 राजस्व वसूली

राजस्व वसूली के लिए यूटिलिटी तथा प्रैंचाईजी के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व निम्न रूप से हैं :

1. कंपनी, प्रैंचाइजी द्वारा प्रस्तुत मीटर पठन के आधार पर, उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जारी करेगी ।

2. प्रैंचाइजी बिल में इंगित की गई राशि अथवा टैरिफ़ से अधिक की मांग नहीं कर सकते हैं ।

3. उपभोक्ता से वसूल किए गए राजस्व को प्रैंचाइजी द्वारा रखा जाएगा ।

### 2.2.2.4 विद्युत आपूर्ति का कनेक्शन काटना

प्रैंचाईजी द्वारा देय तिथि तक बिल का भुगतान/आंशिक भुगतान न किए जाने पर, कंपनी 15 दिनों की छूट अवधि के बाद विद्युत आपूर्ति को काट देगी । विद्युत बिलों में निरंतर चूक होने की स्थिति में प्रैंचाईजी को कंपनी द्वारा 30 दिनों के नोटिस पर समाप्त कर दिया जाएगा । प्रैंचाईजियों द्वारा नियमित रूप से बिल का भुगतान न किए जाने की स्थिति में, कंपनी प्रतिभूति जमा को विद्युत बिलों के बकायों के बदले समायोजित कर सकती है । ऐसा होने पर, प्रैंचाइजी को, कंपनी द्वारा प्रतिभूति जमा की राशि के मांग करने से 15 दिन के भीतर, नई प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी ।

### 2.2.2.4 प्रतिभूति जमा

प्रैंचाइजी का,अनुमानित खपत पर आधारित दो महीनों के औसतन बिलों के बराबर, प्रतिभूति राशि जमा करना अपेक्षित है । यूटिलिटी को भुगतान की गई प्रतिभूति जमा राशि का विवरण निम्नलिखित है :

**सारणी 2.8 यूटिलिटी को भुगतान की गई प्रतिभूति जमा**

| क्रमांक | प्रैंचाइजी का नाम | प्रतिभूति जमा (भारतीय रू. में) |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश सिंह | - |
| 2. | श्री सतेन्द्र सिंह | 18000 |
| 3. | श्री मेघराज सिंह | 28398 |
| 4. | श्री चन्द्रभान सिंह | 21000 |

## 2.3 उपभोक्ता सर्वेक्षण

कार्य योजना के अनुसार, उपभोक्ता के अपेक्षित सर्वेक्षणों को निष्पादित करने के लिए जिले के 4 गांवों का दौरा किया गया ।

### 2.3.1 गांवों का चयन

जिल में कुल पाँच प्रैचाइजियों को चुना गया, हालांकि वर्तमान में चार प्रैंचाइजी ही चार गांवों में कार्य कर रहे हैं । चूंकि, जिले में केवल चार प्रैंचाइजी संचालन कर रहे हैं इसलिए मूल्यांकन दल ने सभी पूर्वोक्त गांवों में सर्वेक्षण किया ।

### 2.3.2 सामान्य विचार-विमर्श

सर्वेक्षण किए गए कुल गांवों में से 100% प्रत्यर्थी प्रैंचाइजी योजना के बारे में जानकारी रखते हैं । ये प्रत्यर्थी जानते हैं कि प्रैंचाईजी योजना के अंतर्गत एक 'ठेकेदार' मीटर पठन, बिल वितरण तथा बिल वसूली का कार्य करता है । उपभोक्ता चाहते हैं कि लाईन के रखरखाव का अतिरिक्त कार्य भी, जो वर्तमान में यूटिलिटी द्वारा किया जा रहा है, 'ठेकेदारों' को दिया जाना चाहिए ।

सर्वेक्षण किए गए गांवों में प्रैंचाइजी शुरू होने के बाद से 100% प्रत्यर्थियों को नियमित रूप से बिल प्राप्त हो रहे हैं तथा इस संबंध में उनको कोई शिकायत नहीं है । अधिकांश प्रत्यर्थियों ने यह भी बताया कि प्रैंचाइजी के सभी कर्मचारी प्रैंचाइजी के गांव से हैं जिसके फलस्वरूप रोजगार की समस्या में भी सुधार हुआ है ।

कुछ उपभोक्ताओं ने निम्नलिखित सुझाव दिए/प्रतिक्रिया की :

1. विद्युत आपूर्ति अनियत तथा विरामी होने के मुकाबले में मुख्यत: अब नियमित हो गई है ।

2. प्रैंचाइजियों को सौंपे गए उत्तरदायित्वों के अलावा, उनकी निरंतरता बनाए रखने तथा पूर्णकालिक रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए उनको अन्य कार्य भी दिए जाने चाहिए ।

3. लाईन के रखरखाव आदि के लिए स्थानीय युवकों को प्रशिक्षण दिया जाए ।

4. प्रैंचाइजियों को लाईन का रखरखाव केवल तभी दिया जाए जब सभी मीटर तथा लाईन उपकरणों की अनुकूलता जांच ली गई हो तथा वे सही हालत में हों ।

### 2.3.3 हितधारकों की क्षमता का निर्माण करना

सर्वेक्षण के दौरान प्रैंचाइजियों ने यह भी अवगत कराया कि मीटर पठन, राजस्व वसूली, बही खाता लेखन तथा तकनीकी पहलुओं के संबंध में उन्हें यूटिलिटी द्वारा कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं दिया गया है । प्रैंचाइजियों द्वारा ऑपरेशन शुरू करने के उपरांत लाईनमैन तथा कनिष्ठ इंजीनियर ने केवल एक अनौपचारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया था । प्रैंचाइजियों ने तकनीकी, वित्तीय तथा प्रैंचाईजियों के व्यावसायिक पहलुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विशेष रूचि जाहिर की ।

## 2.4 विद्यमान मॉडल में अनुभव

चोपड़ा गांव प्रैंचाइजी के प्रारंभ होने के समय गांव में विद्युत आपूर्ति नहीं थी । यह देयताओं के भुगतान न किए जाने के कारण था तथा गांव में बकायादारों की संख्या अधिक थी । उपरोक्त के अलावा, यहां बिजली के वितरण संबंधी भारी क्षति हो रही थी, जो कि बिजली की चोरी (80% तक) के कारण थी । शेष तीन गांवों ने भी चोरी के बड़े अनुपात तथा राजस्व वसूली के बहुत कम होने की रिपोर्ट की । प्रैंचाइजी को कार्य सौंपने से पूर्व यूटिलिटी ने क्षेत्र में निम्नलिखित कार्य किए :-

1. डी टी पर (एल टी की ओर) एक मीटर संस्थापित किया गया।

2. प्रैंचाइजी की सहायता से एल टी लाईनों की गुणवत्ता में सुधार किया ।
3. चोरी संभावित क्षेत्रों में इंसूलेशन वाली तार उपलब्ध करायी ।

4. परीक्षण आधार पर 7 से 10 दिनों की एक अवधि (हैंडहोल्डिंग) के लिए प्रैंचाइजी की व्यवस्था को संचालित किया । यह प्रैंचाइजी द्वारा यूटिलिटी को दी जाने वाली प्रतिभूति जमा के निर्धारण का आधार भी बना ।

**सारणी 2.9 दमोह जिले में कार्यरत प्रैंचाइजी**

| क्रमांक | प्रैंचाइजी | गांव का नाम | करार की तारीख | स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रितेश शाह | पीपारिया | 26.07.06 | अकार्यरत | 8 |
| 2. | श्री राजेश सिंह | विश्नाखेड़ी | अगस्त 06 | | अकार्यरत |
| 3. | श्री सतेन्द्र सिंह | रौंड | 18.10.06 | कार्यरत | |
| 4. | श्री मेघराज सिंह | कन्हैयाघाट पाटी | 09.11.06 | कार्यरत | |
| 5. | श्री चंद्रभान सिंह | चंडी चोपड़ा | 27.12.06 | कार्यरत | |

## 2.4.1 योजना का लाभ

### 2.4.1.1 राजस्व वसूली में बढ़ोतरी

प्रैंचाइजी तंत्र का अति महत्वपूर्ण प्रभाव राजस्व वसूली में वृद्धि के रूप में था (सारणी 2.10) । सारणी में दर्शायी गई राशि, यूटिलिटी द्वारा बढ़ाए गए संबंधित बीजकों के समक्ष, यूटिलिटी को जमा की गई

धनराशि को प्रस्तुत करती है । प्रैंचाइजी से पूर्व इन चार गावों में राजस्व प्राप्ति रूपये 0.21 से 0.25 प्रति यूनिट के बीच थी हालांकि जो अब प्रैंचाइजी से रूपये 1/- प्रति यूनिट की दर से वसूली की जाती है ।

---

[8] कार्य छोड़ चुका है क्योंकि वह चोरी रोक नहीं सका तथा अपेक्षित राजस्व वसूली में असमर्थ रहा । तत्पश्चात् उसे भारी नुकसान हुआ तथा उसने संविदामत तंत्र (इनपुट आधारित मॉडल) को व्यवहार्य व्यवसाय अवसर के रूप में ग्राह्रा नहीं पाया ।

**सारणी 2.10 यूटिलिटी द्वारा भेजे गए बीजकों के जरिए राजस्व वसूली (रूपए)**

| क्रमांक | प्रैचाईजी | अग.06 | सित.06 | अत्तू. 06 | नव. 06 | दिस. 06 | जन. 07 | फर. 07 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश सिंह | 4338 | 4666 | 6901 | 12274 | 16297 | 15773 | |
| 2. | श्री सत्येन्द्र सिंह | | | | 5651 | 8952 | 9082 | |
| 3. | श्री मेघराज सिंह | | | | | 13376 | 24271 | |
| 4. | श्री चंद्रभान सिंह | | | | | | 5376 | |

यूटिलिटी द्वारा भेजे गए बीजकों का प्रैंचाइजियों द्वारा भुगतान किया गया तथा उसे यूटिलिटी में जमा किया गया। प्रैंचाइजी ने उपभोव्ताओं से बहुत बड़ी धनराशि की वसूली की, जिसे निम्न रूप से दर्शाया गया है ।

**सारणी 2.11 प्रैंचाइजियों द्वारा उपभोव्ताओं से वसूल की गई धनराशि**

| क्रमांक | प्रैचाईजी | अग.06 | सित.06 | अत्तू. 06 | नव. 06 | दिस. 06 | जन. 07 | फर. 07 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश सिंह | 8315 | 31019 | 36603 | 13581 | 8510 | 9829 | |
| 2. | श्री सत्येन्द्र सिंह | | | | 20476 | 10748 | 8135 | |
| 3. | श्री मेघराज सिंह | | | | | 25681 | 15935 | |
| 4. | श्री चंद्रभान सिंह | | | | | | 14922 | |

यहां निर्दिष्ट महीनों के दौरान बिलिंग तथा वसूल धनराशि में अंतर है (सारणी 2.10 तथा 2.11) (जैसे श्री राजेश सिंह द्वारा संचालित की जा रही प्रेंचाइजी के तहत, सितंबर 2006 में रूपये 26353 का अंतर) । यह कृषि उपभोव्ताओं के लिए अस्थायी पंप सैटों के प्रावधान हेतु प्रैंचाइजी द्वारा अग्रिम वसूली (प्रतिमाह 130 यूनिट की दर से प्रति एच पी) के कारण अंश में है ।

### 2.4.1.2 ऊर्जा की बढ़ी हुई खरीद बिक्री

ऊर्जा क्रय तथा विक्रय में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है । क्रय तथा विक्रय यूनिट में अंतराल, सारणी 2.12 के अनुसार, उन महीनों के दौरान है जब सिंचाई की आवश्यकतावश , किसानों ने बिना मीटर के निर्धारित दर के आधार पर अस्थायी कनैक्शन लिए थे ।

**सारणी 2.12 ऊर्जा विक्रय तथा क्रय का विवरण**

| प्रैंचाईजी | अगस्त 06 | | सितम्बर 06 | | अत्तूबर 06 | | नवम्बर 06 | | दिसम्बर 06 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रय | विक्रय | क्रय | विक्रय | क्रय | विक्रय | क्रय | विक्रय | क्रय | विक्रय |
| राजेश सिंह | 3483 | 2412 | 3150 | 2924 | 7404 | 4148 | 11970 | 2538 | 15714 | 2540 |
| सत्येन्द्र सिंह | | | | | | | 4632 | 3073 | 7572 | 5053 |
| मेघराज सिंह | | | | | | | | | 32685 | 9224 |

### 2.4.1.3 उपभोव्ताओं में वृद्धि

प्रैंचाइजी द्वारा तुरन्त एवं शिकायत सेवा तथा ल[redacted]ी पी एल, दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं की संख्या में भी संतु[redacted]

**सारणी 2.13 उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि**

| क्रमांक | प्रैंचाइजी | सुपुर्दगी के समय कुल उपभोक्ता | 21.02.2007 तक कुल उपभोक्ता | कृषि कनैक्शनों में वृद्धि | अस्थायी कनैक्शनों में वृद्धि | अन्य कनैक्शनों में वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश सिंह | 83 | 104 | 11 | 13 | 1 |
| 2. | श्री सतेन्द्र सिंह | 67 | 110 | 3 | 9 | 3 |
| 3. | श्री मेघराज सिंह | 56 | 72 | 8 | 9 | 1 |
| 4. | श्री चंद्रभान सिंह | 52 | 52 | 9 | - | 2 |

### 2.4.1.4 चोरी की रोकथाम

प्रैंचाइज तंत्र ने इन संचालन क्षेत्रों में अनधिकृत कनैक्शनों की जांच करने तथा बिजली की चोरी को रोकने में एक सीमा तक स्फालता प्राप्त की है । प्रैंचाइजी क्षेत्रों में कुछ नये उपाय शुरू किए गए हैं :

1. कुंडी रोकने के लिए एल टी नेटवर्क की केबल लगाना (आकृति 2.2)

2. तारों से छेड़छाड़ को रोकने के लिए मीटरों का संस्थापन (आकृति 2.3)

आकृति 2.2 चोरी रोकने के लिए विद्युतरोधक लाईन

आकृति 2.3 पोल पर मीटर (चोरी रोकने के लिए)

### 2.4.1.5 स्थानीय रोजगार में बढ़ोतरी

प्रैंचाइज तंत्र स्थानीय रोजगार तथा कारोबार अवसरों को सृजित करने में सक्षम बना है । सभी प्रैंचाइजी गैर-उद्यमी स्थान पर कार्यरत हैं तथा औसतन प्रत्येक प्रैंचाइजी ने लाईन रखरखाव के छोटे कार्य सहित विभिन्न समनुदेशित गतिविधियों के लिए लगभग 3 से 5 लोगों को रोजगार दिया हुआ है ।

### 2.4.1.6 उपभोक्ता की संतुष्टि में वृद्धि

प्रैंचाइज तंत्र के अंतर्गत उपभोक्ता की संतुष्टि में पर्याप्त रूप से सुधार हुआ है। कारण यह कि पहले उपभोक्ताओं को यूटिलिटी से समय पर बिल नहीं मिल पाते थे ।

- उपभोक्ता अब गांव में ही प्रैंचाईजी कार्यालय में बिल का भुगतान कर सकते हैं ।
- उपभोक्ताओं को एक अच्छी सेवा भी मिली है क्योंकि प्रैंचाईजी लाईट जाने तथा अन्य छोटी-2 सेवा संबंधी शिकायतों की तुंत सुनवाई करते हैं ।
- यद्यपि विद्युत कटौती में बदलाव नहीं हुआ, क्योंकि सभी उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति के लगभग 8 से 12 घंटे तक होने की शिकायत की, किंतु वे प्रैंचाइजियों के कार्य से संतुष्ट थे

तथा वे चाहते थे कि प्रमुख लाईन रखरखाव सहित सभी कार्यों का उत्तरदायित्व फ्रैंचाइजिंयरों को सौंपा जाना चाहिए ।

### 2.4.2 विफलताएं तथा सीमाएं

हालांकि क्षेत्र में प्रैंचाइजी समग्र रूप से अच्छा कार्य निष्पादन कर रहे हैं, किन्तु तंत्र की कुछ सीमाएं हैं जो निम्नवत हैं :

- यूटिलिटी द्वारा नियुक्त किए गए किसी प्रैंचाइजी के विफल होने का मुख्य कारण उसका इस गतिविधि में अंशकालिक रूप में भागीदारी करना था । इसके अतिरिक्त, उसके क्षेत्र के गांव वालों की आय कम होने से वसूली बहुत कम थी । साथ ही, प्रैंचाईजी गांववालें द्वारा बिजली की चोरी रोकने में असमर्थ साबित हुआ, जिसका कारण संभवत: , नियुक्ति से पूर्व उसे कोई तकनीकी प्रशिक्षण नहीं दिया गया । उपरोक्त सभी घटकों के साथ एक सीमित कार्य क्षेत्र (इनपुट आधारित मॉडल) से संभवत:, उद्यमी को अन्यथा विश्वास हो गया था, तथा वह इस व्यवस्था को एक सतत व्यवसाय के अवसर के रूप में नहीं देख सका ।

- दमोह जिले में केवल एक ही वितरण केंद्र (नोहटा) है जहां पर प्रैंचाईजी अपने निजी रूप में रूचि लेकर कार्य करते हैं तथा सहायक इंजीनियर प्रयास करते है। ऐसा किसी अन्य वितरण केंद्र पर देखने को नहीं मिलेगा।

- इसके अलावा, यहां आर ई सी प्रैंचाईजी योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रैंचाइजियों का क्षमता विस्तार नहीं किया गया और न ही उन्हें कोई औपचारिक प्रशिक्षण दिया गया, उन्हें लाइनमैन के साथ मामूली सी ट्रेंनिंग दी गई जिसमें मीटर पठन, छोटी-मोटी मरम्मत एवं रखरखाव शामिल हैं ।

- हाल में नियुक्त किए गए व्यक्तियों को हिसाब किताब रखने का कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया । इसलिए, उनके अभिलेख का अधिकांश रखरखाव यूटिलिटी के संबंधित सहायक इंजीनियर को संभालना पड़ता है । इसमें यूटिलिटी द्वारा प्रैंचाइजी को उत्तरदायित्व सौंपे जाने से पूर्व, उनको उपयुक्त प्रशिक्षण देने और रवैया बदलने की आवश्यकता है ।

- सहायक इंजीनियरों को नये कनैक्शनों को जारी करने तथा मौजूदा कनैक्शनों के संचालन एवं रखरखाव के लिए विभिन्न यूटिलिटी के गोदामो से मीटर, विद्युतरोधक तार, वितरण बॉक्स आदि जैसी आवश्यक सामग्री के प्राप्त करने में बहुत मुश्किल आई ।

- प्रैंचाइजियों को सिर्फ एक ट्रंसफार्मर दिया गया जिसकी वजह से वे अपना नेटवर्क नहीं बढ़ा सके तथा राजस्व और आमदनी बढ़ाने में असमर्थ रहे । दूसरे अर्थ में प्रैंचाइजी प्रणाली दीर्घ अवधि तक चलने योग्य नहीं है ।

## 2.5 तंत्र का पुन: प्रतिरूपण

नोहटा वितरण केन्द्र स्थित सभी प्रैंचाइजी गांवों में कुछ सामान्य परेशानियां हैं जिनकों निम्न प्रकार से हल किया जा सकता है ताकि प्रैंचाइजी की धारणीयता सुनिश्चित की जा सके :

- खुला टेंडर जारी किया जाना चाहिए ।
- प्रैंचाइजी को सभी मीटरों (चालू अथवा खराब) का सत्यापन तथा जांच करनी चाहिए । उनको 100 प्रतिशत बिलिंग तथा कुशल वसूली प्राप्त करने का लक्ष्य बनाना चाहिए । चोरी रोकने के लिए उन्हें मीटरों की सील की उपयुक्त जांच करनी चाहिए ।
- वितरण क्षतियों को कम करने के लिए ऊर्जा लेखा-परीक्षा को अनिवार्य बनाया जाए ।
- प्रस्ताव किया जाता है कि क्षतियों को कम करने तथा विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को और भरोसेमंद बनाने के लिए के लिए नेटवर्क में पूंजी निवेश किया जाए ।
- अधिक लाभ के लिए प्रैंचाइजी को सभी 11 के वी फीडरों को शामिल करते हुए एक वितरण केंद्र अथवा वितरण केंद्र के आधार पर एक विस्तृत क्षेत्र दिया जाना चाहिए ।

---

## अध्याय 3 नगांव – असम

---

### 3.1 पृष्ठभूमि

विद्युत अधिनियम 1948 के तहत असम राज्य में असम राज्य विद्युत बोर्ड (ए एस ई बी) की स्थापना 1958 में हुई । असम राज्य विद्युत बोर्ड, राज्य के शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विद्युत उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी था । असम राज्य विद्युत बोर्ड से सेवा प्राप्त कर रहे उपभोक्ताओं की संख्या (औद्योगिक – उपभोक्ताओं को छोड़कर) दस लाख से अधिक थी, जिसका 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्र में था । 2004 में असम राज्य विद्युत बोर्ड पाँच कंपनियों में बंट गया, जिनका पुनर्गठन उत्पादन, संचारण तथा वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के रूप में हुआ । असम राज्य विद्युत बोर्ड की पुन: संरचना के उपरांत निचली असम विद्युत वितरण कंपनी लि. (एल ए ई डी सी एल) ऊपरी असम विद्युत वितरण कंपनी लि. (यू ए ई डी सी एल) तथा केंद्रीय असम विद्युत वितरण कंपनी लि. (सी ए ई डी सी एल) के रूप में तीन डिस्कॉम कंपनियों का गठन किया गया (आकृति 3.1 तथा सारणी 3.1 एवं 3.2) ।

आकृति 3.1 : असम में डिस्कॉम का नियंत्रित क्षेत्र

**सारणी 3.1 असम में डिस्कॉम प्रोफाईल**

| डिस्कॉम | उप प्रभागों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या | उपभोक्ताओं की संख्या | संयोजित कुल भार (मेगावॉट) | टी एवं डी क्षति (% में) |
|---|---|---|---|---|---|
| यू ए ई डी सी एल | 41 | 3378 | 3,56,883 | 710 | 37 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एल ए ई डी सी एल | 58 | 4427 | 5,27,850 | 935 | 31 |
| सी ए ई डी सी एल | 51 | 3721 | 3,99,082 | 638 | 89 |

स्रोत : असम राज्य विद्युत बोर्ड 2006

**सारणी 3.2 : असम में डिस्कॉम की बिलिंग कुशलता तथा राजस्व की औसतन वसूली**

| डिस्कॉम | बिलिंग कुशलता | बिलिंग प्रतिशत | ऊर्जा भारित-उच्चतम भार (एम यू) | ऊर्जा बिल (एम यू) | औसतन राजस्व वसूली (रूपये/कि. वा. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| यू ए ई डी सी एल | 58% | 94 | 85.11 | 49.69 | 2.62 |
| एल ए ई डी सी एल | 66% | 89 | 100.01 | 65.60 | 2.78 |
| सी ए ई डी सी एल | 60% | 91 | 69.27 | 41.28 | 2.85 |

स्रोत : असम राज्य विद्युत बोर्ड, 2005

राष्ट्रीय ग्राम विद्युतीकरण नीति 2004 के अनुसार 2012 तक सभी घरों में विद्युत उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, असम सरकार ने ग्राम विद्युतीकरण नीति 2005 तैयार की । राज्य में रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन के लिए लक्ष्यों तथा उद्देश्यों, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है, को प्राप्त करने के लिए नीति में अल्पावधि तथा दीर्घावधि उपायों को शामिल किया गया है:-

- एक अत्यधिक कारगर ग्रामीण विद्युत वितरण तंत्र की स्थापना हेतु एक ढांचा स्थापित करने के लिए ।
- असम के सभी ग्रामीण आवासों में विद्युत पॉवर सुगमता से पहुंचाने को सुकर बनाने के लिए ।
- गांवों तथा पुरवों सहित सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के दायित्व से निपटने में असम सरकार को सक्षम बनाना ।
- सभी नागरिकों को निरंतर तथा आर्थिक व्यवहार्य आधार पर बिजली उपलब्ध कराना ।
- संचालन तथा रखरखाव का उत्तरदायित्व तथा लागत वसूली की जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु यूटिलिटी द्वारा पंचायत, स्थानीय अधिकारी, गैर सरकारी संगठनों तथा फ्रैंचाईजी इत्यादि के साथ उपयुक्त व्यवस्था करना।

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन नीति 2005 के उद्देश्यों को अनुकूल बनाने हेतु राज्य में एजेंटों/फ्रैंचाइजियों के जरिए एकल प्वाइपट विद्युत आपूर्ति (एस पी पी एस) योजना शुरू की गई ताकि ग्रामीण जनता को अच्छी विद्युत सेवा मिल सके, घाटा कम हो, चोरी से बचाव, उचित बिलिंग तथा वसूली हो सके । साथ ही, डिस्कॉमों के लिए यह एक व्यापारिक प्रस्ताव बन सके । एस पी एस एस आगत आधारित फ्रैंचाइज मॉडल का अनुसरण करता है , जिसे 2003 में दिगबोई प्रभाग के तहत मार्गहरिता विद्युत उप-प्रभाग में प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया था तथा जिसमें 5 वितरण ट्रंसफार्मरों (डी टी) के तहत क्षेत्रीय आवासों को शामिल किया गया । प्रायोगिक परियोजना से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर 16 के वी ए से 100 के वी ए रेंज के वितरण ट्रंसफार्मरों के साथ कुल 22 गांवों को उसी उप-प्रभाग में ले लिया गया । असम राज्य विद्युत बोर्ड ने बताया कि अगस्त 2004 से जनवरी 2005 तक 18 महीनों की अवधि के दौरान 1100 ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से रूपये 11.81 लाख की राशि प्राप्त की गई, जबकि इन 22 गांवों में पिछली व्यवस्था के जरिए प्राप्त की गई यह राशि केवल रूपये 4.27 लाख थी । चूंकि प्रतिक्रिया अच्छी थी तथा इससे असम राज्य विद्युत बोर्ड के लिए राजस्व में पर्याप्त वृद्धि हुई, इसलिए इस योजना को पूरे असम राज्य में लागू कर दिया गया(आकृति 3.2 तथा 3.3) ।






**आकृति 3.2 : असम में प्रैंचाइज्ड़ वितरण ट्रंसफार्मरों की संख्या**

**आकृति 3.2 ख : डिस्कॉमों के तहत प्रैंचाइज्ड़ वितरण ट्रंसफार्मरों की संख्या**

2




अगस्त – 05 सितंबर – 06

**आकृति 3.3 : असम में विभिन्न विद्युत सर्किलों के तहत प्रैंचाईजड़ वितरण ट्रंसफार्मरों की संख्या**

---

## 3.2 अध्ययन क्षेत्र में व्यवसाय मॉडल

विद्युत वितरण सर्किल (ई डी सी), नगांव ने केंद्रीय असम विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत दो जिलों अर्थात् नगांव तथा मॉरीगांव में विद्युत वितरण किया है । नगांव ज़िले में दो विद्युत वितरण प्रभाग (ईडीसी) हैं जो जिले में विद्युत वितरण के लिए उत्तरदायी हैं । जिले में से 1375 गांवों में से 74% विद्युतीकृत, 13% विद्युत विहीन तथा 13% अविद्युतीकृत हैं (सारणी 3.3) । डिस्कॉम के अनुसार दिसंबर 2006 में जिले के अंतर्गत ए टी एण्ड सी की औसत क्षति 30.76% थी ।

सारणी 3.3 : नगांव ज़िले में विद्युतीकरण की स्थिति (नवंबर 2005 तक)

| राजस्व सर्किल | गांवों की संख्या | पहले से विद्युतीकृत गांव | | कुल | अविद्युतीकृत गांव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विद्युतीकृत | विद्युत विहीन | | |
| कालियाबोर | 209 | 154 | 18 | 172 | 37 |
| सामागुडी | 138 | 106 | 11 | 117 | 21 |
| रूपाही | 107 | 77 | 23 | 100 | 7 |
| डींग | 100 | 70 | 26 | 96 | 4 |
| नगांव | 158 | 126 | 14 | 140 | 18 |
| राहा | 127 | 75 | 37 | 112 | 15 |
| कांपूर | 135 | 92 | 22 | 114 | 21 |
| होजाई | 184 | 152 | 16 | 168 | 16 |
| लंका | 217 | 162 | 19 | 181 | 36 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| योग | 1375 | 1014 | 186 | 1200 | 175 |

स्रोत : मुख्य महा प्रबंधक (रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन) ए एस ई बी 2006

नगांव जिले में भी असम के अन्य सभी जिलों के समान आगत आधारित प्रैंचाइज मॉडल को अपनाया जा रहा है । दिशानिर्देश में उल्लेख किया गया है कि तंत्रों के लिए कार्य का क्षेत्र (क) फीडरों सहित उप प्रभाग से अथवा (ख) तथा वितरण ट्रंसफार्मरों से परे होगा । हालांकि, वर्तमान में केवल वितरण ट्रंसफार्मरों (डीटी) को प्रैंचाईजिंग के लिए यूनिट के रूप में माना गया है । योजना के तहत, वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) के छोर पर, एल टी (लो टेंशन) लाईन पर, एक तीन फेस का स्टेटिक मीटर लगाया गया है (आकृति 3.4) । अकेले डी टी के द्वारा पूरे गांव को कवर किया गया है अथवा गांव को कुछ वितरण ट्रंसफार्मरों (डी टी) द्वारा कवर किया गया है । योजना केवल ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए है तथा योजना में अर्हता ते लिए एक क्षेत्र विशेष में न्यूनतम संबद्ध भार का 80% घरेलू भार होना चाहिए । अधिकतम 250 के वी ए के वितरण ट्रंसफार्मरों (डी टी) को प्रैंचाइजियों के सुपुर्द कर दिया गया है । प्रैंचाईजियों को एस पी एस एस एजेंट कहा जाता है तथा उन्हें उपभोक्ताओं (घरेलू तथा व्यावसायिक) को बिल देने, राजस्व उगाही तथा एल टी लाईन के हल्के मरम्मत कार्य को निष्पादित करने का अधिकार दिया गया है ।

नगांव के विद्युत वितरण सर्किल (ई डी सी) का उप महाप्रबंधक (डी जी एम) प्रैंचाइज तंत्र के लिए नोडल अधिकारी है तथा वह जिले में प्रैंचाइज तंत्र के समस्त कार्यो के लिए उत्तरदायी है । वर्तमान में कुल 40 प्रैंचाइजी जिले में सक्रिय हैं तथा 16 के वी ए से 250 के वी ए के बीच रेंज की क्षमता वाले 113 वितरण ट्रंसफार्मरों (डी टी) की व्यवस्था संभाल रहे हैं (संलग्नक-1 देखें)

आकृति 3.4 : एस पी एस एस तंत्र के अंतर्गत ट्रंसफार्मर पर संस्थापित विद्युत मीटर

### 3.2.1 चयन प्रक्रिया

राज्य में प्रैंचाइजी व्यक्तिगत उद्यमी, उपभोक्ता संघ गैर सरकारी संगठन, सहकारी समितियां अथवा पंचायत संस्थान हो सकते हैं । राज्य में एस पी पी एस योजना के तहत उत्साहित उद्यमियों, समितियों, उपभोक्ता संघों आदि को प्रैंचाइजी बनने के लिए राज्य के दैनिक समाचार पत्रों में दोनों भाषाओं अंग्रेजी (द असम ट्रिब्यून) तथा असमी (दैनिक अग्रदूत) में विज्ञापन प्रकाशित किया गया । विज्ञापन सार्वजनिक जानकारी के लिए प्रकाशित हुआ था तथा सभी संपर्ककर्ता प्रैंचाइजियों ने ऊर्जा तथा संसाधन संस्थान (टी ई आर आई) के दल को बताया कि समाचार-पत्र में विज्ञापन देखने के बाद उन्होंने डिस्कॉम से संपर्क किया । हालांकि, प्रैंचाइजी तथा डिस्कॉम ने टी ई आर आई दल को उव्त विज्ञापन की प्रति उपलब्ध नहीं कराई । विज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि इच्छुक व्यक्ति आवेदन के लिए संबंधित डिस्कॉम से संपर्क कर सकते हैं । प्रैंचाइज चयन के लिए इसमें न तो कोई प्रतियोगिता बोली (बिडिंग) थी और न ही कोई कठोर चयन अपनाया गया । यद्यपि, चयन किए जाने से पूर्व प्रैंचाइज तंत्र में आवेदक की रूचि का पता लगाने के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए । चूंकि, प्रैंचाइज तंत्र के लिए आवेदन करने वाले लोगों की संख्या कम थी, इसलिए प्रैंचाइजियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चुन लिया गया। नगांव जिले में आर्थिक तथा सामाजिक व्यवस्था के संदर्भ में व्यक्ति विशेष, फर्म तथा गैर सरकारी संगठन, जो वर्तमान में एस पी एस एस एजेट के रूप में कार्यरत हों, प्रैंचाइजी के कार्य के लिए पूर्णतया उपयुव्त जान पड़े ।

### 3.2.2 कार्य क्षेत्र

प्रैंचाईजियों के लिए कार्य क्षेत्र में सभी परिक्षेत्रों-विद्यमान तथा प्रत्याशित, का विवरण तैयार करना, उपभोक्ता के बारे में आंकड़े रखने के लिए बुनियादी सुविधाएं रखना , नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ के अनुसार उपभोक्ताओं के विद्युत बिल तैयार तथा वितरित करना और उपभोक्ताओं से राजस्व उगाही करना शामिल है । प्रैंचाइजी को विद्युत प्रचुर मात्रा में वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) के छोर पर एल टी लाईन पर प्राप्त होती है तथा प्रैंचाइजी, निर्धारित ऊर्जा शुल्क तथा स्थायी शुल्क के आधार पर डिस्कॉम को मासिक भुगतान करते हैं । कार्य क्षेत्र में नये कनैक्शनों को सरल बनाना, डिस्कॉम के आरूप के अनुसार उपभोक्ता खाते का रखरखाव करना, डिस्कॉम को मासिक खाता पत्रक की एक प्रति प्रस्तुत करना, फ्यूज ऑफ कालों की सुनवाई करना, जरूरत होने पर कनैक्शन काटना तथा पुन: कनैक्शन लगाना तथा डिस्कॉम को सूचित करना तथा उनके संचालन क्षेत्र में बिजली के अनधिकृत उपयोग को रोकना भी शामिल है ।

डिस्कॉम के कार्य क्षेत्र में प्रैंचाइजी के क्षेत्र में विद्युत उपलब्ध कराना, प्रमुख एल टी लाईन का रखरखाव करना, वितरण ट्रंसफार्मरों/उप स्टेशनों का रखरखाव करना, प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्र में प्राथमिकता आधार पर नए सेवा कनैक्शन उपलब्ध कराना, प्रैंचाईजी आगत प्वाइंट पर विद्युत आपूर्ति करना तथा मीटर संस्थापित करना, भुगतान के लिए प्रैंचाइजी को मासिक रूप से बिल देना तथा क्षेत्र में सभी उपभोक्ताओं को प्रैंचाइजी के उत्तरदायित्वों से अवगत कराना भी शामिल है ।

असम में एसपीपीएस योजना के मुख्य प्वाइंट

| | | |
|---|---|---|
| ऊर्जा शुल्क | = | रूपये 2.55/- कि. वाट की दर से |
| निर्धारित शुल्क | = | रूपये 30.00/- संबद्ध भार कि.वा. की दर से |

### 3.2.3 एजेंटों को लाभ

- अनुज्ञेय एल टी लाईन क्षति = 10%
- अनुमत कमीशन/लाभ = 15%
- एल टी लाईन रखरखाव लागत भत्ता = 2%
- नियत तिथि तक पूरा भुगतान करने पर 3% की छूट
- एजेंट के द्वारा संसाधित प्रत्येक नये उपभोक्ता पर रूपये 100/- का नकद प्रोत्साहन

### 3.2.4 जुर्माना

- नियत तिथि तक भुगतान न किए जाने पर 3% की छूट नहीं मिलेगी ।
- नियत तिथि तक बिलों का भुगतान न करने पर 1.5% की दर से अधिभार वसूली होगी ।

### 3.2.5 क्रेंद्रीय असम विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सी ए ई डी सी एल) के प्रमुख उत्तरदायित्व

- प्रत्येक वितरण ट्रंसफार्मर (डीटी) के लिए करार करना जिसमें डी टी नंबर, रेटिंग, डी टी स्थान तथा फीडर का नाम स्पष्ट रूप से इंगित करना ।
- निर्धारित तिथि पर मीटर पठन दर्ज करना तथा प्रत्येक महीने की 10 तारीख तक एस पी पी एस एजेंट को डी टी वार बिल पहुंचाना ।
- प्रत्येक माह एस पी एस एस एजेंट के खाते तथा उसके द्वारा तैयार बिल की जांच करना ।
- 2 महीनों की अनुमानित खपत के आधार पर प्रत्येक डी टी की ।
- लोड प्रतिभूति का मूल्यांकन करना ।
- चालू संबद्ध भार के आधार पर प्रत्येक तीन माह में प्रतिभूति जमा लोड का पुनर्विलोकन करना ।
- टैरिफ के संशोधन की स्थिति में लोड प्रतिभूति को संशोधित करना ।

. बकाया बिलों के संचयन से बचने के लिए एस पी पी एस एजेंट के निष्पादन को मानीटर करना ।

. चूककर्ता उपभोक्ताओं के कनैक्शन काटने में एस पी पी एस एजेंट की सहायता करना ।

. एजेंट को सुपुर्द करने से पूर्व एस पी पी एस एजेंट को उपभोक्ताओं से बकाया बिलों की उगाही के लिए प्रेरित करना ।

. ए ई आर सी टैरिफ आदेश के अनुसार डिस्कॉम द्वारा रखी गयी प्रतिभूति के समक्ष एस पी पी एस एजेंट को प्रति वर्ष 5% की दर से ब्याज देना ।

. एजेंट के अंतर्गत उपभोक्ताओं का आकस्मिक सर्वेक्षण करना ताकि एजेंट द्वारा दिए गए किसी अनधिकृत कनैक्शन की जांच हो सके ।

### 3.2.6 प्रैंचाइजी के प्रमुख उत्तरदायित्व

. मीटर तथा मीटर के उपकरणों को सुरक्षित रखने का उत्तरदायित्व ।

. एल टी वितरण नेटवर्कों का रखरखाव करना ।

. अनधिकृत सेवा कनैक्शन/कुंडी को हटाना ।

. संबंधित उप-प्रभाग के अनुमोदन से चूककर्ता उपभोक्ताओं के कनैक्शन काटना ।

. नियमित रूप से प्रत्येक उपभोक्ता के मीटर पठन करना ।

. ए ई आर सी द्वारा अनुमोदित टैरिफ के अनुसार बिल तैयार करना तथा बांटना ।

. प्रत्येक माह संबंधित एस डी ई को खाते की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना ।

. एस डी ई/एस एम आर/डी ए ओ को जांच के लिए आवधिक रूप से खाता प्रस्तुत करना ।

. प्रत्याशित नए उपभोक्ता के बारे में जानकारी प्राप्त करने में डिस्कॉम की सहायता करना तथा तत्पश्चात नकद प्रोत्साहन लेने के लिए कनैक्शन जारी करना ।

. छूट प्राप्त करने हेतु उप-प्रभाग द्वारा प्रेषित बिल का नियमित रूप से नियत तिथि तक भुगतान करना ।

. एजेंट के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत डी टी, मीटर उपकरण, एच टी तथा एल टी नेटवर्क में हुई किसी खराबी/क्षति के संबंध में तुंत संबंधित उप-प्रभाग को रिपोर्ट करना ।

### 3.2.7 प्रैंचाइजी को कमीशन तथा प्रोत्साहन

प्रैंचाइजी को डी टी मीटर की बिल राशि का 15% लाभ/कमीशन के रूप में रखने तथा एल टी नेटवर्क का रखरखाव करने के लिए डी टी मीटर बिल राशि का 2% प्राप्त करने की अनुमति है । प्रैंचाइजी डिस्कॉम देय निवल राशि के 3% की छूट भी प्राप्त कर सकता है बशर्ते कि मासिक बिल का भुगतान देय तिथि तक किया जाए । विलंबित भुगतान के लिए डिस्कॉम को निवल देय राशि का 1.5% अधिभार प्रति माह देना होगा तथा भुगतान न किए जाने पर डिस्कॉम 7 दिनों के नोटिस पर संविदा को समाप्त कर देगा । प्रैंचाइजी द्वारा अपने संविदात्मक दायित्व को पूरा न कर सकने की स्थिति में, डिस्कॉम प्रति-क्रय का आश्रय ले सकता है तथा करार को दो महीने के नोटिस पर दोनों में से किसी के भी द्वारा, समाप्त कर दिया जाएगा ।

**<u>प्रैंचाईजी का कमीशन नीचे दर्शाये गए विवरणानुसार अनुमानित किया गया है:</u>**

| | | |
|---|---|---|
| घरेलू उपभोक्ताओं का कुल योजित भार (कि.वा.) | : | ए |
| प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्र को आपूर्तित कुल ऊर्जा (कि.वा) | : | एक्स |
| वितरण क्षति 10% घटाएं (कि.वा.) | : | 0.1 एक्स |
| विक्रय हेतु उपलब्ध ऊर्जा (कि.वा) | : | 0.9 एक्स |
| प्रैंचाइजी द्वारा गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिल में ऊर्जा (कि.वा.) | : | वाई |
| घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा खपत ऊर्जा (कि.वा) | : | जैड=/0.9 एक्स-वाई) |
| घरेलू उपभोग के लिए ऊर्जा बिल राशि (रूपये) | : | एफसीडी।ए+जैड।<br>ई सी डी=बी |
| अन्य श्रेणियों के उपयोग के लिए दिया गया ऊर्जा बिल (रूपये) | : | सी |
| प्रैंचाइजी को डिस्कॉम द्वारा दिए गए बिल की कुल राशि | : | डी=बी+सी |
| डिस्कॉम को प्रैंचाइजी द्वारा देय विद्युत शुल्क (रूपये) | : | 0.05(एक्स-वाई)<br>= एफ |
| डिस्कॉम को प्रैंचाइजी द्वारा देय विद्युत शुल्क(रूपये) | : | डी का 15%=<br>0.15 डी |
| प्रैंचाइजी को स्वीकृत रखरखाव लागत (रूपये) | : | डी का 2%=0.02<br>डी |
| विद्युत शुल्क तथा मीटर किराया छोड़कर डिस्कॉम को को प्रैंचाइजी द्वारा देय धनराशि (रूपये) | : | 0.83 डी=ई |
| प्रैंचाइजी द्वारा डिस्कॉम को देय निवल राशि(रूपये) | : | ई+एफ+जी |

---

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एफसीडी | - | घरेलू श्रेणी के लिए निर्धारित शुल्क | : | रूपये 30/कि.वा. |
| ईसीडी | - | घरेलू श्रेणी के लिए ऊर्जा शुल्क | : | रूपये 2.55/कि.वा |
| जी | - | प्रत्येक घरेलू उपभोक्ता से वसूल मीटर किराये की कुल राशि | | |

टिप्पणी: भुगतान की देय तिथि के अंतर्गत पूरा भुगतान करने के लिए ई (निवल राशि डिस्कॉम को देय) पर 3% की छूट स्वीकार्य है ।

डी टी पर मीटर पठन के आधार पर तैयार नहीं किए गए बिल 2% रखरखाव लागत भत्ता तथा समय पर भुगतान की 3% छूट के पात्र नहीं है ।

## 3.3 विद्यमान मॉडल में अनुभव

### 3.3.1 उपभोक्ता प्रतिक्रिया

लक्ष्य किए गए गांवों में एफजीडी (विशिष्ट उद्देश्य वाली समूह चर्चा) के दौरान सर्वेक्षण किए गए कुल उपभोक्ताओं में से, अधिकांश ने कहा कि उन्हें असम में एसपीपीएस व्यवस्था के संबंध में जानकारी है लेकिन उन्होंने प्रैंचाईजी तंत्र के बारे में नहीं सुना है प्रत्यर्थियों ने ऊर्जा संसाधन संस्थान (टी ई आर आई) के दल को सूचित किया कि 'एजेंट' मीटर पठन, बिल वितरण छोटी एल टी लाईन रखरखाव में व्यस्त हैं तथा वर्तमान में उपभोक्ता अपने बिलों की अदायगी एजेंट के कार्यालय में कर रहे हैं । यद्यपि विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं का प्रैंचाइजी की भूमिका के संबंध में विभिन्न मत था तथा प्रैंचाइजी से उनकी प्रत्याशाओं में भी भिन्नता थी, लेकिन ऐसा कोई नहीं था जो तंत्र से नाखुश हो तथा सभी तंत्र को बरकरार रखना चाहते थे । उनसे पूछने पर कि गांव में प्रैंचाइज तंत्र के शुरू होने से पूर्व डिस्कॉम द्वारा कोई बैठक आयोजित की गई तो केवल 14.29% लोगों ने सकारात्मक उत्तर दिया तथा बताया कि नये तंत्र तथा एजेंटों की भूमिका के संबंध में कुछ गांवों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए । सर्वेक्षण

के दौरान यह भी पाया गया कि क्षेत्र के लगभग 98% घरों में मीटर लगे हुए हैं तथा उनमें से ज्यादातर मीटर इलेक्ट्रॉनिक हैं । उपभोक्ताओं ने पॉवर-शेडिंग की पुरानी समस्या के संबंध में शिकायत की तथा बताया कि उन्हें प्रतिदिन 12 से 15 घंटे तक ही सप्लाई प्राप्त होती है ।

### 3.3.2 राजस्व पर प्रभाव

राज्य में घरेलू तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए मासिक बिल चक्र प्रक्रिया अपनायी गयी है । डिस्कॉम द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों से ज्ञात हुआ कि प्रैंचाइजियों के संचालन क्षेत्रों में मासिक औसतन राजस्व उगाही (ए आर आर) में वृद्धि हुई है, हालांकि राजस्व वसूली में और अधिक बढ़ोतरी किए जाने की अभी गुंजाईश है । प्रैंचाइजियों के संस्थापन से पूर्व प्रति माह का औसत राजस्व रूपये 4,99,388 था जो दिसंबर 2006 में प्रैंचाइजियों द्वारा नियंत्रित किए जा रहे 113 डी टी के लिए बढ़कर रूपये 9,76,142 हो गया, जिसमें लगभग 95% वृद्धि को आंका गया (संलग्न 1 देखें) । दिसंबर 2006 के लिए डिस्कॉम द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार जिले में औसत बिलिंग कुशलता (नेटवर्क में दी गई ऊर्जा से बिल में दर्शाई गई ऊर्जा का अनुपात) 42.27% से 76.67% हो गई, जबकि सर्वेक्षित क्षेत्र में औसतन बिलिंग कुशलता 81.83% पायी गयी । एस पी एस एस तंत्र के अंतर्गत बिलिंग का प्रतिशत (उपभोक्ताओं की कुल संख्या से बिल भेजे गए उपभोक्ताओं की संख्या का अनुपात) तकरीबन शतप्रतिशत था, जबकि जिले का औसतन प्रतिशत (प्रैंचाइज्ड़ तथा गैर-प्रैंचाइज्ड़ दोनों क्षेत्रों पर विचार करते हुए) लगभग 96% था । इसके अलावा, प्रैंचाइज तंत्र के शुरू होने के उपरांत प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्रों में चालू बिल तथा बकाया बिल की वसूली में भी बढ़ोतरी हुई है । एस पी पी एस योजना ने डिस्कॉम द्वारा वहन की जा रही उपरिलागत, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा करने के लिए वाहन तथा इपधन की लागत, कनैक्शन काटने/पुन: कनैक्शन देने का शुल्क, लाईन रखरखाव लागत, चोरी-रोधी अभियान आदि, में भी कमी आई है जिससे डिस्कॉम की समग्र राजस्व बढ़ोतरी में सहायता मिली ।

राजस्व में बढ़ोतरी के पीछे प्रेरक घटकों में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रैंचाइज के कार्यालय में बिलों को जमा करना, गांवों में प्रैंचाइजी द्वारा उपभोक्ता शिविरों का आयोजन करना तथा बकाया राशि की वसूली हेतु प्रैंचाइजी द्वारा व्यापक अभियान चलाना है । कई बार तो प्रैंचाइज का स्टाफ भी राजस्व वसूली के लिए उपभोक्ताओं के घर दौरा करता हैं । प्रैंचाईजी ने रूचि दिखलाई । जिले में सभी उपभोक्तओं पर विचार करते हुए खराब मीटर का प्रतिशत लगभग 5.53% है, जबकि प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्र में यह 2.58% है । इसके अतिरिक्त सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रैंचाईजी ने अपने क्षेत्र में अधिकांश इलेक्ट्रो-मेकेनिकल मीटरों के स्थान पर इलैक्ट्रॉनिक मीटरों को लगा दिया था ।

डिस्कॉम द्वारा उपलब्ध कराई गई आधार सामग्री के अनुसार ग्रामीण, शहरी, व्यावसायिक तथा औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं सहित नगांव जिले में सभी उपभोक्तओं के लिए आपूर्ति की गई विद्युत हेतु औसत राजस्व उगाही (ए आर आर) रूपये 2.6 प्रति कि.वा. है । सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्र में औसत राजस्व उगाही रूपये 2.4 प्रति कि.वा. है जिसमें केवल ग्रामीण उपभोक्ताओं पर विचार किया गया है । चूंकि प्रैंचाइजी व्यवस्था शुरू होने से पूर्व, डिस्कॉम ग्रामीण उपभोक्ताओं से संबंधित औसतन राजस्व उगाही (ए आर आर) के आंकड़े उपलब्ध नहीं करा सकते थे, इसलिए इसका अनुमान नहीं लगाया जा सका । हालांकि, ऊपर बताए गए दो औसत राजस्व उगाही (ए आर आर) मूल्यों के बीच का मामूली अंतर यह दर्शाता है कि डिस्कॉम पूरे जिले में शहरी तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं सहित सभी उपभोक्ताओं की तुलना में प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्तओं को प्रति कि.वा. के लिए विद्युत की बिक्री लगभग समान रूप से कर रहा था ।

### 3.3.3 उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि

प्रैंचाइजियों के क्षेत्रों में अनधिकृत कनैक्शनों की जांच करने में तथा उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करने में प्रैंचाइज्ड़ तंत्र बहुत सफल रहा है । सर्वेक्षण से पता चला कि प्रैंचाइज्ड़ क्षेत्र के लगभग 87% उपभोक्ता घरेलू श्रेणी के अंतर्गत आते हैं । सर्वेक्षण से पाया कि कुछ गांवों में अनधिकृत कनैक्शनों की रेंज कुल उपभोक्ताओं (अधिकृत तथा अनधिकृत)के मुकाबले 10% से 30% थी । प्रैंचाइजी अनधिकृत कनैक्शनों को कम करने में तथा निरंतर अभिप्रेरण द्वारा उनको नियमित कनैक्शन में परिवर्तित करने में सक्षम रहे । हालांकि, यह पता चला कि प्राय: कुछ आवासी तारों पर कुंडी डालते हैं किंतु ऐसे लोगों की

संख्या कुल उपभोक्ताओं की संख्या के 1 से 2% तक सीमित रही । डिस्कॉम से प्राप्त आंकड़े यह इंगित करते हैं कि जिले में एस पी एस एस योजना के अंतर्गत प्रैंचाइज तंत्र के शुरू होने के उपरांत जनवरी 2007 तक उपभोक्ताओं की संख्या में लगभग 16% बढ़ोतरी हुई है ।

सर्वेक्षण के दौरान, पाया गया कि प्रैंचाइजी गांववालों को कनैक्शन नियमित कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं तथा सभी श्रेणी (ए पी एल, बी पी एल, एस सी इत्यादि) के उपभोक्ताओं को प्रस्ताव दे रहे हैं । कनैक्शन के नियमितीकरण तथा एजेंटों के ऑपरेशन में जो मुख्य परेशानी है वह डिस्कॉम के कनिष्ठ स्तर के स्टाफ की ओर से दिखाई देती है क्योंकि वे बहुत से मामलों में एजेंटों को पूरा सहयोग नहीं दे रहे हैं ।

### 3.3.4 सामाजिक-आर्थिक विकास पर प्रभाव

प्रैंचाइज तंत्र से जिले में स्थानीय रोजगार तथा व्यवसाय के अवसर भी बढ़े हैं । सभी प्रैंचाइजियों ने अपने कार्यालय को ब्लॉक मुख्यालय/शहरी स्थान के आस-पास अथवा संचालन क्षेत्र वाले गांवों में स्थापित किया है (आकृति 3.5) । साथ ही, कुछ प्रैंचाइजियों (सर्वेक्षण किए गए 13 प्रैंचाईजियों में से 4) ने अपने कारोबार के प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुकर बनाने के लिए अपने कार्यालयों में कंप्यूटर लगाए है । ये प्रैंचाइजी सभी बिल तथा आधार सामग्री के प्रबंधन संबंधी कार्य कंप्यूटरों पर करते हैं । लगभग सभी प्रैंचाइजी मीटर पठन, बिल वसूली, विद्युत चोरी की जांच, फ्यूज ऑफ कॉल तथा एल टी लाईन रखरखाव के लिए स्थानीय युवकों को भर्ती कर रहे हैं । प्रैंचाइजी से जुड़े गांव के युवकों को पहचान-पत्र भी दिए गए हैं जिससे गांव के युवकों के बीच उनका सम्मान बढ़ा है । इसके अलावा, जैसा कि करार में निर्दिष्ट है, आई टी आई से प्रशिक्षित लोगों को प्रैंचाइजी की नफ़री में रखा जाए तथा प्रैंचाइजी ने तकनीकी कार्य के लिए बहुत से आई टी आई प्रशिक्षित युवकों को आमेलित किया है । सर्वेक्षण में शामिल किए गए सभी प्रैंचाइजियों ने मीटर पठन तथा बिल वितरण के लिए कर्मचारियों को तथा लेखा-जोखे का हिसाब रखने के लिए लेखा स्टॉफ को नियुक्त किया है । यह देखा गया कि प्रैंचाइजियों ने लाईन रखरखाव कार्य सहित विभिन्न कार्यों के लिए 3 से 12 लोगों को नियुक्त किया हुआ है । प्रत्येक प्रैंचाइजी की औसत स्टाफ संख्या 4 है जबकि प्रत्येक वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) पर स्टाफ सं. 1 से 2 व्यक्ति देखी गयी ।

आकृति 3.5 : नगांव जिले में प्रैंचाईजी कार्यालय

सर्वेक्षण किए गए सभी प्रैंचाइजी के लिए प्रैंचाइज उद्यम एक मुख्य आधार बन चुका है, तथापि उनके अन्य व्यवसाय भी हैं । चूंकि प्रैंचाइजी का कार्यभार संभालने के लिए पर्याप्त समय देना अपेक्षित है, इसलिए सर्वेक्षण की गई यूनिटें अपनी अन्य व्यापारिक गतिविधियों पर ध्यान देने में असमर्थ हैं तथा वे इस उद्यम को सफल करने के लिए अधिकाधिक समय दे रही हैं ।

एस पी पी एस योजना के अंतर्गत प्रैंचाइजी से लिया गया परिवर्ती ऊर्जा शुल्क रूपये 2.55 है जबकि प्रैंचाइजी उपभोक्ताओं से नियामक आयोग द्वारा निर्धारित टैरिफ़ के अनुसार शुल्क वसूलते हैं । गांव तथा उपभोक्ता की श्रेणी के आधार पर उपभोक्ता मासिक बिल रूपये 50 से रूपये 400 के बीच रहता है । तदनुसार, प्रैंचाइजी की राजस्व वसूली प्रति डी टी रूपये 2000 से अधिकतम रूपये 60,000/- की रेंज तक है । सर्वेक्षित प्रैंचाइजियों के कमीशन की औसत आय प्रति डी टी रूपये 2600/- थी तथा लगभग 5 से 10 डी टी को संचालित कर रहा प्रैंचाइजी लगभग रूपये 10,000 से रूपये 26000 अर्जित कर रहा था । केवल अपवादात्मक मामलों में एक 250 के. वी. ए. डी. टी. के लिए अधिकतम कमीशन रूपये 10,000/- तथा 16 के. वी. ए. डी. टी. के लिए न्यूनतम कमीशन रूपये 1000/- है ।

प्रत्येक प्रैंचाइजी की वितरण तथा राजस्व उगाही में अंतर्निहित लागत भिन्न है । नगर के नजदीक प्रैंचाइज़्ड़ क्षेत्र की लागत कम है जबकि दुर्गम क्षेत्र में लागत अधिक है । दुर्गम क्षेत्रों में रखरखाव लागत इसलिए अधिक है क्योंकि प्रैंचाइजी को तार के संपर्क में आने वाले पेड़ों तथा पत्तियों को कतरना तथा सुधार कार्य बारंबार करना पड़ता है । साथ ही, वितरण लाईन तथा वितरण ट्रंसफार्मर बहुत पुराने हैं जिसमें बार-बार खराबी हो जाती है । उपभोक्ताओं को गुणवत्ता सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रैंचाइजी का रखरखाव तथा सुधार कार्य करना अपेक्षित है जिसके लिए सभी प्रैंचाइजियों को 2 से 5 तकनीकी स्टाफ रखना होगा । सर्वेक्षण से पता चला कि प्रैंचाइजी को कमरे के भाड़े, स्टाफ के वेतन तथा लाईन रखरखाव पर प्रतिमाह रूपये 1000 से रूपये 1200 तक का खर्च वहन करते हैं ।

### 3.3.5 उपभोक्ता की शिकायतों में कमी होना

प्रैंचाइजी संस्थापन से पूर्व शिकायत निवारक तंत्र संतोषजनक नहीं था तथा डिस्कॉम और उपभोक्ताओं के बीच संवाद नहीं था, जिसका मुख्य परिणाम उपभोक्ताओं के बिल न भरने की इच्छा के रूप में हुआ तथा गांव से राजस्व न मिलने पर डिस्कॉम मरम्मत कार्य को निष्पादित नहीं कर रहा था। सर्वेक्षण से पता चला कि एस पी एस एस तंत्र के अंतर्गत उपभोक्ता समाधान में पर्याप्त सुधार हुआ है क्योंकि इससे पहले उपभोक्ताओं को डिस्कॉम से बिल समय पर लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ती थी । प्रैंचाइजियों की संस्थापना पश्चात् उपभोक्ता बिल का भुगतान गांवों के बिल वसूली शिविरों अथवा एजेंट के कार्यालय में भी कर सकते थे।

उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा भी प्राप्त होने लगी, क्योंकि एस पी एस एस तंत्र के अंतर्गत क्षेत्रों में एजेंट फ्यूज ऑफ कॉल तथा सेवा मरम्मत संबंधी शिकायतों की तुंत सुनवाई की जाती है। लगभग 90% उपभोक्ताओं ने बताया कि लाईन रखरखाव तथा फ्यूज ऑफ कॉल मरम्मत में सुधार हुआ है तथा प्रैंचाइज के काम शुरू करने के उपरांत वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) के बारंबार खराब होने में भी कमी आई है । इसके अतिरिव्त मीटर पठन, मरम्मत तथा बिल वसूली का कार्य एक ही व्यव्ति करता है, जिसके फलस्वरूप वह, विशिष्ट कार्य में लिप्त अन्य व्यव्तियों की अपेक्षा, उपभोक्ताओं की इच्छाओं को अधिक जानता है। प्रैंचाइजियों ने अपने कार्य क्षेत्रों में हेल्पलाईन सेवा भी शुरू कर दी है तथा सभी प्रमुख कर्मचारियों को मोबाइल टेलिफोन दे दिए हैं ताकि उपभोक्ता की शिकायत का निवारण कुशलता से हो सके ।

---

## 3.4 परिसीमाएं

### 3.4.1 हितधारकों की क्षमता में विस्तार

सर्वेक्षण किए गए लगभग 80% प्रैंचाइजियों ने बताया कि करार पर हस्ताक्षर के समय डिस्कॉम द्वारा बिलिंग रखरखाव तथा राजस्व वसूली के संबंध में कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं दिया गया । उप प्रभाग कार्यालय के बिल क्लर्क ने अनौपचारिक रूप से प्रैंचाइजी को बिलिंग परिकलन तथा उसके विभिन्न स्लैबों के बारे में बताया था तथा प्रैंचाइजियों ने जो कुछ सीखा तो वो अपने अनुभवों से सीखा है । इसके अलावा, सर्वेक्षण के दौरान यह भी देखने में आया कि जिन प्रैंचाइजियों को विद्युत व्यवसाय संबंधी कोई पूर्व अनुभव नहीं था अथवा जो तकनीकी क्षति आदि के संबंध में नहीं जानते थे, वे उन प्रैंचाइजी, जिनकों विद्युत ठेकेदार के रूप में अनुभव था, की अपेक्षा इस व्यवसाय में मुश्किल का सामना कर रहे थे । विद्युत वितरण में घाटे की अवधारणा को बहुत से प्रैंचाइजियों को उपयुव्त रूप से स्पष्ट नहीं की गयी तथा इन प्रैंचाइजियों का ये मानना था कि उन्हें बिल राशि का 15% कमीशन मिलेगा तथा वितरण ट्रंसफार्मर का मीटर पठन उपभोक्ता के मीटर पठन के समान होगा । डिस्कॉम द्वारा वितरण क्षति का 10% प्रोत्साहन दिया जाएगा बशर्ते कि वितरण लाईन को पेड़ों आदि के संपर्क तथा अनधिकृत कुंडी कनैक्शनों से निर्बाधित कर दिया जाए । इस प्रकार इन्होंने तंत्र के विद्युत वितरण, घाटे आदि को जाने बिना उद्यम को अपना लिया ।

विद्युत वितरण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर प्रैंचाइजियों की क्षमता विस्तार करने की तत्काल आवश्यकता है । अन्यथा, लंबे समय में योजना असफल हो सकती है अथवा हताहत होने की घटना हो सकती हैं क्योंकि वर्तमान में प्रैंचाइजी लाईन मरम्मत कार्य कर रहे हैं । सर्वेक्षण के दौरान, प्रैंचाइजियों ने बताया कि उनके द्वारा ऑपरेशन शुरू करने के उपरांत मीटर पठन, राजस्व वसूली, बहीखाता लेखन तथा तकनीकी पहलुओं के संबंध में डिस्कॉम द्वारा कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया । गोहाटी में प्रैंचाइज तंत्र पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें जिले के कुछ प्रैंचाइजियों ने भाग लिया । प्रैंचाइजियों ने प्रैंचाइज तंत्र के तकनीकी, वित्तीय तथा व्यावसायिक पहलुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्रिय रूझान दिखाया ।

डिस्कॉम के अधिकारियों से संपर्क करने से यह भी ज्ञात हुआ कि प्रैंचाइज तंत्र के व्यावसायिक पहलुओं पर कर्मचारियों के क्षमता विस्तार करने की जरूरत है । बहुत से कनिष्ठ अधिकारी, जो प्रैंचाइज तंत्र और उसके कार्य से अनभिज्ञ हैं, की राय थी कि 'एजेंट' बिलों के बकाया वसूली में कार्यरत हैं तथा कुछ वर्षों बाद यह योजना बंद हो जाएगी । इसके अतिरिक्त बहुत से निचले स्तर के तकनीकी स्टाफ की यह मिथ्या धारण भी थी कि उनकी नौकरी दांव पर है तथा यह कदम निजीकरण के लिए उठाया गया है, इसलिए भी वे प्रैंचाइजियों को सहयोग नहीं करना चाहते ।

### 3.4.2 वित्तीय निरंतरता

डी टे स्तर पर फ्रैंचाइजी व्यवस्था लागू करने का निर्धारण डिस्कॉम करता है । यद्यपि यह आगत आधारित प्रैंचाइज तंत्र के लिए ठीक है, फिर भी आर्थिक व्यवहार्यता के लिए एक प्रैंचाइजी के अंतर्गत वितरण ट्रंसफार्मरों (डी टी) की पर्याप्त संख्या होनी चाहिए । सर्वेक्षण के दौरान, यह देखा गया कि कुछ मामलों में 1 से 3 वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) प्रैंचाइज्ड व्यवस्था के तहत आ चुके हैं तथा ऐसी व्यवस्था प्रैंचाइजिंग के लिए आर्थिक व्यवहार्य प्रस्ताव प्रतीत नहीं होती, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) के समक्ष उपभोक्ताओं की संख्या सामान्यत: कम है । ऐसे मामलों में प्रैंचाइजी को लगभग रूपये 300 से रूपये 1000 तक कमीशन प्राप्त होता है । इसके अतिरिव्त, कुछ मामलों में एक ही प्रैंचाइजी को विभिन्न स्थानों पर वितरण ट्रंसफार्मर (डी टी) उपलब्ध कराए गए हैं, जो कि अलग-अलग फीडर में हैं जिससे उनकी उपरिलागत में बढ़ोतरी हुई है । तथापि, प्रैंचाइजी द्वारा वहन की गई लागतें, तकनीकी जनशव्ति का रखरखाव करने तथा अन्य उपरिखर्च के अधिक होने के फलस्वरूप है, जो ऐसे मामलों में प्रैंचाइजी व्यापार को अव्यवहार्य बनाता है ।

### 3.4.3 तकनीकी

प्रैंचाइजियों ने बताया कि एल टी नेटवर्क की क्षति, स्वीकार्य 10% से अधिक है । यद्यपि, प्रैंचाइजियों ने कुंडियों को कम करने तथा बिलिंग और वसूली दर में सुधार करने के द्वारा व्यावसायिक क्षति को कम किया है । वितरण ट्रंसफार्मर के छोर पर एल टी लाईन पर लगा एकल प्वाइपट मीटर के पठन तथा सभी उपभोव्ताओं के संचयी मीटर की तुलना से यह पता चलता है कि सर्वेक्षण किए गए प्रैंचाइजी की औसत वितरण क्षति 18.32 औ है (सारणी 3.4 तथा संलग्नक 2) । उच्च तकनीकी क्षति के मुख्य कारणों में से एक है, वर्षों के दौरान विद्युत भार का सांयोगिक रूप से बढ़ना तथा डी टी से एल टी लाईन की लंबाई को 3 कि. मी. यहां तक कि 5 से 6 कि. मी. तक बढ़ाना है । इसके अतिरिव्त बहुत से मामलों में वितरण नेटवर्क की रचना बहुत खराब स्थिति में है, जिसकी वजह से भी क्षति में बढ़ोतरी हो रही है (आकृति 3.6) । प्रैंचाइजियों ने यह भी बताया कि वितरण ट्रंसफार्मरों पर भार असंतुलित है, जिसके परिणामस्वरूप न्यूट्रल तार में विद्युत प्रवाह हो रहा है, जो वितरण क्षति को बढ़ाने में भी सहायक है ।

आकृति 3.6 : वितरण नेटवर्क का एक दृश्य

इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि ज़िले में डी टी मीटरों का अभाव है तथा कुछ मामलों में विशेषकर वितरण ट्रंसफार्मरों में ढींग विद्युत उप प्रभाग मीटर संस्थापित नहीं किए गए हैं । प्रैंचाइजी, उपभोव्ताओं को स्थिर तथा परिवर्ती ऊर्जा लागत और उपभोव्ताओं द्वारा प्रदत्त मीटर किराए पर 15% कमीशन प्राप्त कर रहे हैं । मीटरों की अनुपलब्धता को ऐसी व्यवस्था के एक कारण के रूप में उद्धृत किया गया है । यह आगत आधारित प्रैंचाइजी की पूर्ण अवधारणा को खंडित करता है । ढींग उप प्रभाग में सर्वेक्षण किए गए तीन प्रैंचाइजियों ने भी कोई शिकायत नहीं की है, क्योंकि क्षति को कम करना

उनका काम नहीं है तथा उनका कमीशन उपभोक्ताओं को स्थायी एवं परिवर्ती ऊर्जा लागत पर आधारित है ।

सारणी 3.4 : वितरण क्षति का सारांश

| क्रमांक | प्रैंचाईजी | सर्वेक्षित डी टी की संख्या | (% में) औसत क्षति |
|---|---|---|---|
| 1. | भूपेंद्र सिंह, सियालमारी | 4 | 12.05 |
| 2. | नरूल आमीन, नगांव | 3 | 20.01 |
| 3. | विश्वकर्मा इलैक्ट्रीकल, लंका | 2 | 16.44 |
| 4. | समभारत संस्था, लंका | 2 | 27.42 |
| 5. | फक्रूल इस्लाम, जुरिया | 1 | 18.13 |
| 6. | हबिबुर रहमान, फकूली पाथर | 2 | 20.24 |

## 3.5 तंत्र का पुन: प्रतिरूपण (रि मॉडलिंग)

नगांव जिले में आगत आधारित प्रैंचाइजी तंत्र का मूल्यांकन यह इंगित करता है कि राज्य ने राजस्व बढ़ाने तथा घाटा कम करने के लिए एक अच्छे मॉडल का चयन किया है । तथापि, चालू कार्यान्वयन व्यवस्था की कुछ परिसीमाएं हैं। प्रैंचाइजी तंत्र की सफलता हेतु उसे सामान्यत: राज्य में और विशेषकर ज़िले में सबका अर्थात् डिस्कॉम स्टॉफ, प्रैंचाइजी तथा उपभोक्ताओं का सहयोग अपेक्षित है। राजस्व वसूली में बढ़ोतरी उपभोक्ता शिकायतों में कमी होना तथा प्रैंचाइज के संक्रियात्मक क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता के रूप में कुछ सफलताएं अर्जित की गयी हैं । तथापि, ऐसा प्रतीत होता कि वर्तमान में डिस्कॉम केवल राजस्व बढ़ोतरी के संबंध में चिंतित है। यद्यपि गांव विद्युतीकरण तथा गहनीकरण कार्य को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत किए जाने की योजना है । ज़िले का वर्तमान वितरण नेटवर्क बहुत ही खराब स्थिति में है। इस पृष्ठभूमि में, राज्य में योजना को सक्रियतापूर्वक लागू किए जाने की आवश्यकता महसूस हुई। प्रैंचाइज तंत्र को मजबूत बनाने के लिए निम्न सिफ़ारिशों का सुझाव दिया जाता है ।

### 3.5.1 ऑपरेशन का आकार

ऑपरेशन का आकार, किसी भी राज्य में प्रैंचाइज तंत्र को सफल बनाने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पैरामीटर है । आर्थिक व्यवहार्यता के लिए सिफारिश की जाती है कि किसी क्षेत्र विशेष में एक ही फीडर के तहत वितरण ट्रंसफार्मरों को समूहबद्ध किया जाए तथा प्रैंचाइजी को इस प्रकार सौंपा जाए कि उसके उपभोक्ताओं की संख्या 1000 से कम न हो अथवा एक प्रैंचाइज्ड क्षेत्र में राजस्व की मांग 1.0 लाख से कम न हो ।

### 3.5.2 ऊर्जा मीटरों का संस्थापन

वितरण ट्रंसफार्मर (डीटी) पर संस्थापन के लिए इलैक्ट्रॉनिक ऊर्जा मीटर डिस्कॉम द्वारा उपलब्ध कराए जाएं, ताकि सभी प्रैंचाइजी नेटवर्क में प्रेषित बिजली के अनुसार बिल बना सकें ।

### 3.5.3 सभी हितधारकों की क्षमता में विस्तार करना

सिफारिश की जाती है कि विभिन्न तकनीकी पहलुओं तथा व्यावसायिक वित्तीय, सामाजिक और प्रबंधकीय पक्षों पर प्रैंचाइजियों की क्षमता में विस्तार करने की तत्काल आवश्यकता है । अन्यथा लंबे समय में योजना असफल हो सकती है तथा हताहत की घटना भी हो सकती है क्योंकि प्रैंचाइज के तकनीशियन लाईन रखरखाव कार्य तथा फ्यूज ऑफ मरम्मतों को निष्पादित कर रहे हैं । प्रैंचाइज तंत्र के संबंध में निरंतर उपभोक्ता जागरूकता तथा विभिन्न स्तरों पर डिस्कॉम के अधिकारियों की क्षमता में विस्तार होना चाहिए तथा योजना को सफल बनाने के लिए नियमित आधार पर सभी हितधारकों को शामिल करके एक विचार-विनिमय कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए । डिस्कॉम के स्टॉफ की क्षमता में विस्तार करना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके निचले स्तर के तकनीकी स्टाफ की यह मिथ्या धारण थी कि उनकी नौकरी दांव पर हैं तथा प्रैंचाइजी तंत्र निजीकरण के लिए उठाया गया एक कदम है, इसलिए वे ब्रेकडाउन कॉल आदि को ठीक करने में प्रैंचाइजियों को सहयोग देना नहीं चाहते थे ।

### 3.5.4 एक सक्षम प्रैंचाइज विकास दल तैयार करना

योजना की सफलता के लिए, प्रैंचाइजी विकास हेतु एक सक्षम दल की आवश्यकता है । डिस्कॉम को, लक्ष्य निर्धारित करने के साथ एक महाप्रबंधक (प्रैंचाइज विकास) के नेतृत्व में, एक सक्षम दल के तैयार करने पर विचार करना चाहिए तथा महाप्रबंधक को अंचल/जिला स्तर पर उप महाप्रबंधक (डी जी एम) द्वारा सहायता दी जाए । एक अंचल तैयार करने के लिए बहुत से ई डी सी को मिलाया जा सकता है तथा सभी हितधारकों की क्षमता विस्तार करने, प्रैंचाइज की गतिविधियों के मॉनीटरिंग करने प्रैंचाइजी के विरूद्ध उपभोक्ता की शिकायत, यदि कोई हो, का निवारण करने, तथा नये प्रैंचाइजियों का चयन एवं मूल्यनिरूपण करने सहित सभी गतिविधियों के लिए उप महाप्रबंधक (डीजीएम) रैंक के अधिकारी को उत्तरदायी बनाया जाए । इसके अतिरिक्त, स्थिरता एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है और इसलिए प्रैंचाइजी विकास के लिए उत्तरदायी दल को न्यूनतम 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाना चाहिए । बहुत से लाईनमैन प्रैंचाइजियों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं, अत: डिस्कॉम ऐसे लाईनमैन को वर्तमान संक्रियात्मक क्षेत्र से नजदीकी क्षेत्रों में स्थानांतरित करने पर विचार करे । इससे पूरे तंत्र में नवीनता आएगी तथा प्रैंचाइजियों को अपने लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने का अवसर भी मिलेगा ।

### 3.5.5 प्रतियोगी बोली (बिडिंग)

अछूते क्षेत्रों में नये प्रैंचाइजियों के चयन के लिए स्थानीय समाचार-पत्रों में विज्ञापन दिया जाए । प्रतियोगी बोली में ऊर्जा शुल्क/बल्क सप्लाई टैरिफ का निर्धारण करने के लिए वरीयता दी जानी चाहिए । राज्य में अपनाए गए प्रैंचाइजी तंत्र के वर्तमान मॉडल के लिए डिस्कॉम आवेदकों को ऊर्जा शुल्क लाईन रखरखाव शुल्क तथा स्वीकार्य न्यूनतम वितरण क्षति की दरों को उद्धृत करने के लिए कह सकता है । उच्च ऊर्जा शुल्क तथा निम्न रखरखाव खर्च उद्धृत करने वाले और उपयुक्त प्रबंधकीय योग्यता एवं अनुभव रखने वाले प्रैंचाइजी को संविदा दी जाए । चयन प्रक्रिया के दौरान डिस्कॉम, एल टी नेटवर्क में भारित ऊर्जा की प्रत्येक यूनिट के लिए प्रैंचाइजी की आय की तुलना में प्रति उपभोक्ता, उनकी लागत का मूल्यांकन कर सकता है ।

## 3.6 निष्कर्ष

नगांव जिले में कार्यरत प्रैंचाइजी राजस्व को बढ़ाने तथा व्यावसायिक क्षति को कम करने के लिए हर प्रकार से प्रयासरत है । व्यापार तथा रोजगार के लिए नये अवसर प्रदान करने, विद्युत संबंधी उपभोक्ता की शिकायतों को कम करने तथा जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान के लिए तंत्र अग्रणी रहा है । बिलिंग तथा बिल वसूली कुशलता के द्वारा राजस्व सृजन में बढ़ोतरी के फलस्वरूप डिस्कॉम को लाभ हुआ है । राज्य में अपनाए जा रहे आगत आधारित मॉडल को राजस्व निरंतरता तथा सफलता के लिए व्यावसायिक तथा उद्यमी मिश्रित अभिगम के रूप में विकसित किया जा सकता है तथा राज्य में प्रैंचाइज तंत्र को निरंतर बनाए रखा जा सकता है ।

# अध्याय 4 गुलबर्गा (कर्नाटक)

सरकार द्वारा शुरू किए गए ग्रामीण विद्युत सुधार अभियान के भाग के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सेवा तथा राजस्व में सुधार करने के लिए जेस्कॉम (जी ई एस सी ओ एम) ने वर्ष 2004 के शुरू में अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रैंचाइजी तंत्र की शुरूआत की । जेवियर प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर (एक्स आई एम बी) द्वारा किए गए अध्ययन की सिफारिशों के अनुसरण में प्रैंचाइजी तंत्र का आगमन हुआ । इसकी स्थापना का मुख्य कारण यूटिलिटी की सेवाओं से उपभोक्ताओं का असंतुष्ट होना तथा राजस्व वसूली में कमी होना था ।

जहां तक जेस्कॉम की प्रशासनिक व्यवस्था का संबंध है, इसके गुलबर्गा तथा बेलारी नामक दो अंचल हैं । बेलारी अंचल के तहत बेलारी, कोप्पल तथा रायचूर नामक तीन जिले हैं तथा बेलारी क्षेत्र में कुल चार विद्युत प्रभाग हैं । ये प्रभाग हैं बेलारी, होस्पेट, कोप्पल तथा रायचूर । गुलबर्गा अंचल में गुलबर्गा तथा बीदर नामक दो जिले हैं । बीदर जिले में, बीदर नामक एक विद्युत प्रभाग है जबकि गुलबर्गा जिले में गुलबर्गा प्रभाग यादगिर तथा I गुलबर्गा प्रभाग-II नामक तीन विद्युत प्रभाग हैं । जेस्कॉम के प्रत्येक उप प्रभाग में लगभग 30 से 35 ग्राम पंचायतें हैं तथा गलबर्गा जिले में जेस्कॉम के 1344 गांव आते हैं । इसके प्रत्येक प्रभाग में क्रमश: 348,379 तथा 617 गांवों को बांटा गया है ।

यूटिलिटी द्वारा नियुक्त की गई संचालन समिति की सिफारिशों के आधार पर एक ग्राम विद्युत प्रतिनिधि (जी वी पी) का चयन किया गया ताकि ग्राम पंचायत के अंतर्गत गांवों में प्रैंचाइजी कार्य के लिए ग्राम पंचायत से उम्मीदवारों को छांटा जा सके । जेस्कॉम में प्रैंचाइजी का मुख्य कार्य राजस्व संबंधी निम्नलिखित गतिविधियों को कार्यान्वित करना था :-

- जेस्कॉम की ओर से मीटर पठन, बिल वितरण तथा राजस्व वसूली करना ।
- शिकायतों को दर्ज करना तथा उनका निवारण करना ।
- उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटान करना ।
- क्षेत्र संबंध जानकारी से जेस्कॉम को नियमित रूप से अवगत कराना ।

जेस्कॉम में परिशोधित प्रस्ताव के लागू हो जाने के कारण जनवरी 2007 के उपरांत विद्यमान ग्राम विद्युत प्रतिनिधियों को माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों (एम एफ एफ) के रूप में नया नाम दे दिया गया । ग्राम विद्युत प्रतिनिधि (जी वी पी) से माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी (एम एफ एफ) में रूपांतरण करने संबंधी जेस्कॉम के निगमित कार्यालय से जारी किया गया पत्र संलग्नक-1 के रूप में संलग्न है । ये माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी केवल ग्राम पंचायत के, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालन कर रहे हैं ।

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को शुरू हुए लगभग एक वर्ष से अधिक बीत चुका है, किंतु जेस्कॉम के अंतर्गत आने वाले किसी भी आरजीजीवीवाई गांव में कोई कार्य शुरू नहीं किया जा सका है । वास्तव में, जेस्कॉम अंतर्गत प्रैंचाइजियों को नियुक्त करना राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का अंश नहीं है क्योंकि विद्यमान माइक्रों फीडर प्रैंचाइजी रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थापित किए गए हैं तथा वर्ष 2004 से कार्यरत हैं । व्यवसाय मॉडल तथा उपभोक्ताओं का अनुबंध, जिले में प्रैंचाइजियों तथा यूटिलिटी का काम सौंपने में निम्नलिखित खंड पर विचार-विमर्श किया जाए ।

---

## 4.1 पृष्ठभूमि

माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी (एम एफ एफ), जिसको पहले जी वी पी के नाम से जाना जाता था, सन् 2004 से जेस्कॉम के अंतर्गत कार्यान्वित है । यह राजस्व की वसूली पर आधारित है अर्थात् यह एक राजस्व वसूली आधारित प्रैंचाइजी है ।

फरवरी 2007 के अनुसार, गुलबर्गा जिले में, मई 2004 में नियुक्त किए गए 339 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों में 297 प्रैंचाइजी कार्यरत हैं तथा गुलबर्गा सर्किल ने सूचित किया कि इस अध्याय के प्रैंचाइजी प्रतिपुष्टि खंड में विवेचित विभिन्न कारणों से, माइको फीडर प्रैंचाइजी की संख्या में, उसके

प्रवर्तन होने के बाद से, कोई वृद्धि नहीं हुई है ।

गुलबर्गा सर्किल के प्रत्येक प्रभाग के अंतर्गत ग्रामीण उप प्रभागों का ब्यौरा सारणी 4.1 में दर्शाया गया है ।

**सारणी 4.1 : गुलबर्गा सर्किल के उप प्रभागों का ब्यौरा**

| क्रमांक | प्रभाग | उप प्रभाग | |
|---|---|---|---|
| | | ग्रामीण | शहरी |
| 1. | गुलबर्गा प्रभाग-I | गुलबर्गा ग्रामीण उप प्रभाग, अलंद काडागांची तथा अफजलपुर | सिटी 1, सिटी 2 |
| 2. | गुलबर्गा प्रभाग-II | जैवर्गी, शाहबाद, चीतापुर तथा छिंचोली | |
| 3. | यादगिर | यादगिर, सेदम, शाहपुर तथा शोरपुर | |
| | कुल | 12 | 2 |

गुलबर्गा जिले के गुलबर्गा सर्किल में प्रैंचाइजियों को नियुक्त करना आर जी जी वी वाई योजना का अंश नहीं है । जेस्कॉम के विभिन्न प्रभागों में संचालित प्रैंचाइजियों, गांव तथा उप प्रभाग वार एक पूर्ण सूची संलग्न IV-2 में दी गई हे । वस्तुत: गुलबर्गा प्रभाग-I में हमने यह पाया कि कुल 92 माइक्रो फीडर प्रैंचाईजी में से तीन महिलाएं माइक्रों फीडर प्रैंचाईजी संचालित कर रही है ।

**सारणी 4.2: फरवरी 2007 तक गुलबर्गा जिले में कार्यरत माइक्रो फीडर प्रैंचाईजियों का ब्यौरा**

| क्रमांक | प्रभाग | आवृत्त ग्राम पंचायत | नियुक्त किए गए ग्राम विद्युत प्रतिनिधि | प्रकार्यात्मक माइक्रो फीडर प्रैंचाईजी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुलबर्गा प्रभाग-I | 92 | 99 | 92 |
| 2. | गुलबर्गा प्रभाग-II | 100 | 100 | 90 |
| 3. | यादगिर | 140 | 140 | 115 |
| कुल | गुलबर्गा जिला | 332 | 339 | 297 |

टी ओ आर अध्ययन के अनुसार, माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों का मूल्यांकन करने के लिए जिले के 12 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी के यादृच्छिक प्रतिरूप (गुलबर्गा प्रभाग-I, गुलबर्गा प्रभाग-II तथा यादगिर प्रभाग से) का चयन किया गया । प्रतिरूपों की विभिन्नताओं का परिग्रहण करने के लिए विभिन्न प्रभागों से माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों का विभाजन किया गया । लगभग 31 गांवों के अंतर्गत ऐसे माइक्रों फीडर प्रैंचाइजी कार्यरत हैं तथा इन्हीं गांवों में उपभोक्ता का सर्वेक्षण किया गया था । माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी, गांवों तथा सर्वेक्षण किए गए उपभोक्ता की सूची इस अध्याय के अंत में सारणी-X में दी गई है ।

21 मार्च 2007 को हुबली में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सी एम डी) के साथ आयोजित हुई एक समापन बैठक के साथ जिले का मूल्यांकन पूर्ण हो गया ।

## 4.2 आर जी जी वी वाई के अंतर्गत ग्राम विद्युतीकरण की स्थिति

यूटिलिटी अधिकारियों ने सूचित किया कि विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) में 90% केंद्र सरकार से तथा 10% जेस्कॉम से सब्सिडी शामिल है । सब्सिडी बुनियादी सुविधाओं, अर्थात् एच टी/एल टी लाईनें, वितरण ट्रंसफार्मर का संस्थापन तथा ग्रामीण निवासियों के लिए 100% विद्युतीकरण हेतु दी गई है ताकि कोई भी घर अविद्युतीकृत न रह पाये । इसके तहत दो प्रकार के निवासियों को शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है, जिनमें गरीबी

रेखा से नीचे तथा गरीबी रेखा से ऊपर के परिवार आते हैं । बी पी एल परिवारों के लिए, कुटीर ज्योति/भाग्य ज्योति योजना के अंतर्गत आंतरिक वायरिंग अंतर्निहित है जिसमें एक लाईट बल्ब का कनैक्शन दिया गया है, जबकि ए पी एल परिवारों के लिए आंतरिक वायरिंग का खर्च आवेदक को वहन करना पड़ता है, हालांकि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आर जी जी वी वाई) का अंतिम उद्देश्य सभी गांवों के आवासों में 100% विद्युत उपलब्ध कराना है । इस योजना में स्कूल, डिस्पेंसरियां तथा स्वास्थ्य सेवाएं जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं ।

यूटिलिटी अधिकारियों ने गुलबर्गा जिले के लिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के संबंध में तैयार की गई कार्य क्षेत्र तथा अनुमानित लागत की जानकारी उपलब्ध करायी (संलग्नक-3 देखें) । जहां तक कंपनियों के लिए निविदाओं का दिया जाना था, इस कार्य के लिए संविदा में कार्यरंभ को तथा मूल्य निर्धारित किया गया । न्यूनतम भाव-दर (कोटेशन) दर्शाने वाली कंपनी को लघु सूची में रखा गया । संविदा के लिए पत्र दिया जाना शेष है तथा जिसे छांटी गयी कंपनी को यथाशीघ्र दे दिया जाएगा, जिसके बाद गुलबर्गा जिले में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत कार्यान्वयन शुरू हो जाएगा ।

आकंडों से ज्ञात हुआ कि गुलबर्गा जिले में 1344 गांव आते हैं तथा 31 मार्च 2005 तक 100% गांवों को विद्युतीकृत कर दिया गया। वास्तव में 2774 ग्रामीण आवासों में से लगभग 1683 (61%) आवास विद्युतीकृत हैं तथा मार्च 2005 तक लगभग 68% आवास विद्युतीकृत थे। घरेलू, व्यावसायिक, कृषि, लघु उद्योग, स्ट्रीटलाईट तथा वाटरवर्क्स सहित उपभोक्ता की प्रत्येक श्रेणी हेतु, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत अगले दो वर्षों में कार्यान्वयन हेतु जेस्कॉम द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया है ।

गुलबर्गा जिले में जेस्कॉम के अंतर्गत आने वाले 1344 गांवों में से, किसी को भी अभी तक आर जी जी वी वाई योजना के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है । हालांकि, इस जिले में आर जी जी वी वाई योजना के निष्पादन का अनुमोदन मिल चुका है, लेकिन जेस्कॉम के निगमित कार्यालय से अनुमोदन पत्र प्राप्त न होने के कारण ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया । तथापि, यूटिलिटी ने सूचित किया कि भविष्य में आर जी जी वी वाई कार्य के लिए विद्यमान प्रैंचाइजियों का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

सारणी 4.3 के आंकड़े दर्शाते हैं कि यादगिर में अधिकतम बी जे/के जे (भाग्य ज्योति/कुटीर ज्योति) तथा अन्य घरेलू उपभोक्ता हैं । यद्यपि, गुलबर्गा जिले के गुलबर्गा प्रभाग-I में आई पी सैट अधिकतम हैं ।

**सारणी 4.3 : गुलबर्गा जिले में जेस्कॉम द्वारा सेवित उपभोक्ताओं का ब्यौरा**

| क्रमांक | टैरिफ | उपभोक्ताओं की संख्या | | | | दिसंबर 2006 के लिए एम यू में खपत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गुलबर्गा-I | गुलबर्गा-II | यादगिर | योग | गुलबर्गा-I | गुलबर्गा-II | यादगिर | योग |
| 1. | एल टी-1 (बी जे/के जी) | 45539 | 44425 | 55601 | 145565 | 0.779 | 0.798 | 1 | 2.597 |
| 2. | एल टी-2 (घरेलू) | 74422 | 75749 | 89873 | 240044 | 1.68 | 1.66 | 2.59 | 5.93 |
| 3. | एल टी-3 (व्यावसायिक) | 8054 | 8573 | 12861 | 29488 | 0.25 | 0.33 | 0.542 | 11.22 |
| 4. | एल टी-4 (आई पी सैट) | 28417 | 6603 | 12932 | 47952 | 11.66 | 5.46 | 8.4 | 25.52 |
| 5. | एल टी-5 (उद्योग) | 2934 | 3342 | 3793 | 10069 | 1.27 | 1.3 | 0.887 | 3.457 |
| 6. | जलापूर्ति(डब्ल्यूएस) | 1378 | 1145 | 1848 | 4671 | 0.64 | 1.5 | 1.568 | 3.708 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | स्ट्रीट लाईटिंग (एस एल) | | | | | | | | |
| 8. | एल टी-7 (अस्थायी कनैक्शन) | 148 | 15 | 283 | 446 | 0.02 | 0.04 | 0.24 | 0.084 |
| 9. | एच टी | 44 | 13 | 24 | 81 | 0.83 | 7.23 | 5.246 | 13.306 |
| | योग | 160936 | 140165 | 177215 | 478316 | 17.149 | 18.318 | 20.157 | 55.724 |

**टिप्पणी:** किसी भी माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी द्वारा ग्रामीण फीडर में कोई एच टी उद्योग शामिल नहीं किया गया ।

संलग्नक-4 जेस्कॉम की प्रत्येक उपभोक्ता श्रेणी के लिए गुलबगा जिले में पिछले 5 वर्षों के दौरान योजित भार तथा उपयोग की वृद्धि को दर्शाता है । यहां, व्यावसायिक उपभोक्ताओं में 7% वृद्धि घरेलू उपभोक्ताओं में 3% वृद्धि तथा कृषि एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं की संख्या में 4% वृद्धि हुई तथा इसके अनुसरण में एस एल, डब्ल्यू एस और अस्थायी कनैक्शनों सहित अन्य श्रेणियों में 6% वृद्धि हुई ।

गलबर्गा जिले में विद्युत आपूर्ति मांग तथा अन्य ऊर्जा संबंधी ब्यौरे सारणी 4.4 में दर्शाए गए हैं ।

**सारणी 4.4: जेस्कॉम में गुलबर्गा जिले के लिए विद्युत की आपूर्ति तथा मांग की प्रमात्रा का ब्यौरा**

| प्रभाग का नाम | एम यू में ऊर्जा आपूर्ति | ऊर्जा की मांग | एम यू में ऊर्जा का विक्रय | | | मांग अंतराल हेतु आपूर्ति | एम यू में अलेखाकृत ऊर्जा | टी एवं डी क्षतियां | मीटर से बिक्री का % | बिना मीटर के बिक्री का % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मीटर से | बिना मीटर के | योग | | | | | |
| गलबर्गा-I | 428.17 | 550 | 198.31 | 131.23 | 329.5 | 121.83 | 98.63 | 23.04 | 46.32 | 30.65 |
| गुलबर्गा-II | 217.07 | 280 | 82.57 | 71.41 | 155 | 62.93 | 62.08 | 28.60 | 38.04 | 32.90 |
| यादगिर | 253.45 | 324.41 | 57.47 | 95.39 | 152.9 | 70.96 | 102.12 | 40.05 | 22.68 | 37.64 |
| कुल योग | 898.69 | 1154.41 | 338.35 | 298.03 | 6374 | 255.72 | 261.3 | 29.08 | 37.65 | 33.16 |

## 4.3 व्यवसाय माडल

### 4.3.1 चयन प्रक्रिया

इस राजस्व प्रैंचाइजी-वसूली आधारित मॉडल (आर ई सी के दिशानिर्देशों के अनुसार) की चयन प्रक्रिया, प्रैंचाइजी पद के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के प्रत्युत्तर में यूटिलिटी द्वारा प्राप्त आवेदनों पर आधारित है । इस कार्य के लिए प्रत्येक गांव से लगभग 4 से 5 उम्मीदवारों ने आवेदन किया । प्रैंचाइजी के लिए पात्रता मानदंडों में शामिल है कि व्यक्ति पंचायत का सदस्य हो, उसकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उच्चतम शैक्षिक योग्यता वाले उम्मीदवारों को वरीयता देने के साथ, न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास मांगी गई ।

विनिर्दिष्ट रूप से चयन प्रणाली में, जिले के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों की लघु सूची तैयार करने पर साक्षात्कार किया जाता है । प्रैंचाइजी का अंतिम रूप से चयन एक चयन समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें संबंधित ओ एण्ड एम सर्किल का अधीक्षण इंजीनियर (एस ई) इस समिति का अध्यक्ष होता है तथा संबंधित प्रभाग का कार्यपालक इंजीनियर, उप प्रभागीय अधिकारी तथा लेखा अधिकारी इसके सदस्य होते हैं, किंतु ऐसे उम्मीदवारों के अनुपलब्ध होने पर कम योग्यता धारक लोगों को भी प्रैंचाइजी कार्य के लिए चुना जाता है । गुलबर्ग जिले में प्रैंचाइजी कार्य में लिप्त तकनीकी

योग्यता धारक लोगों की संख्या 50% से कम है तथा अधिकांश मैट्रिक पास हैं ।

### 4.3.2 क़रारनामा

ग्राम विद्युत प्रतिनिधि/माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी के रूप में चुने गए व्यक्ति के साथ जेस्कॉम का एक वर्ष के लिए एक अनुबंध किया जाता है जिसे समझौता ज्ञापन (संलग्नक-5 देखें) कहते हैं । माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी तथा यूटिलिटी के बीच 12 महीनों की अवधि के लिए पहले अनुबंध पर हस्ताक्षर 2004 में किए गए थे । इसे 2005 में पुन: नवीकृत किया गया । इस करारनामें में शामिल विषय थे :-

- कार्य का क्षेत्र
- प्रतिपूर्ति दर
- अन्य निबंधन एवं शर्तें ।

चुना गया प्रैंचाइजी यूटिलिटी को, प्रतिभूति जमा के रूप में नकद अथवा बैंक गारंटी देगा । प्रैंचाइजी द्वारा दी गई प्रतिभूति जमा की दो किस्म हैं । सामान्य श्रेणी से संबंधित प्रैंचाइजी को बैंक गारंटी अथवा नकद रूप से रूपये 50,000/- जमा करने होंगे, जबकि अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति अथवा आरक्षित श्रेणी से संबंधित प्रैंचाइजी को इसके लिए केवल रूपये 25000/- देने होंगे । आरईसी तथा एमओपी के दिशानिर्देशों के अनुसार आवेदक प्रतिभूति जमा के रूप में एक महीने की मांग को जमा करने में सक्षम नहीं हैं ।

### 4.3.3 प्रैंचाइजी के उत्तरदायित्व प्रोत्साहन तथा दंड

यूटिलिटी ने बताया कि यद्यपि ग्राम विद्युत प्रतिनिधि को अब माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी के रूप में परिवर्तन किया जा चुका है लेकिन माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी के नये नामकरण को छोड़कर उसके कार्य तथा उत्तरदायित्वों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है । माइक्रो फीडर प्रैंचाईजी का मुख्य कार्य उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए मासिक आधार पर मीटर पठन करना बिलों को तैयार एवं वितरण करना तथा राजस्व वसूली करना है । बिलिंग तथा राजस्व वसूली प्रैंचाइजी मासिक रूप से करते हैं तथा वे छोटी/बड़ी तकनीकी मरम्मतों, नये कनैक्शनों को लगाने अथवा मामूली मरम्मतों से संबंधी उपभोक्ता की शिकायतों के निवारण के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं । हालांकि, हमने यह देखा है कि मीटर को हटाने/पुन: लगाने के कुछ मामलों में प्रैंचाइजी जेस्कॉम के लाईनमैन की सहायता करते हैं ।

केपीटीसीएल द्वारा व्यवस्थित दिशा-निर्देश प्रैंचाइजियों के पारिश्रमिक को नियंत्रित करते हैं तथा ये दिशा-निर्देश आरंभ से ही बदलते रहे हैं तथा अब इसमें निम्नलिखित विवरण को शामिल किया गया है :-

- पिछले छह माह के दौरान बिलिंग एवं अर्जित वसूली पर आधारित बेस लाईन वसूली लक्ष्य को निर्धारित किया जाए ।

- अधिकतम रूपये 4000/- के आधार पर वसूली की गयी धनराशि की 8% प्रोत्साहन फीस देय है बशर्ते कि ग्राम विद्युत प्रतिनिधि ने मासिक बेसलाईन वसूली लक्ष्य प्राप्त कर लिया हो ।

- बेस लाईन से अधिक तथा ऊपर वसूली करने पर वसूली के 8% की धनराशि ग्राम विद्युत प्रतिनिधि को देय है ।

- बेस लाईन लक्ष्य से प्रत्येक 10000/- रूपये की कम वसूली के लिए देय प्रोत्साहन फीस की 2% राशि दंड के रूप में अधिरोपित होगी ।

गुलबर्गा जिले में, प्रैंचाइजी विफलता दर 2% है तथा माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों में ड्रॉपआऊट का मुख्य कारण इस कार्य के लिए उनको दिया गया असंतोषजनक पारिश्रमिक बताया गया । 42 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी, जिन्होंने प्रैंचाइजी के रूप में कार्य बंद कर दिया है, में से तीन को अयोग्य कर दिया गया अथवा धन का दुरुपयोग करने के कारण जेस्कॉम ने उनके करार को समाप्त कर दिया था, जबकि अन्य सभी ने अच्छी नौकरी की आशा तथा अन्य स्थानों पर अधिक पारिश्रमिक मिलने के कारण कार्य को त्याग दिया ।

इस तंत्र में कुछ परिसीमाएं देखने में आयी ।

- स्टाफ की कमी के कारण शिकायत निवारण तंत्र असंतोषजनक

- उपभोक्ताओं का देय राशि का भुगतान करने से मना करना एवं इसके लिए जागरूक न होना ।
- यूटिलिटी तथा उपभोक्ताओं के बीच संवादहीनता ।
- ग्रामीण उपभोक्ताओं का यह मानना कि उन्हें शहरी उपभोक्ताओं के समान नहीं आंका गया ।

---

## 4.4 यूटिलिटी को समस्याएँ

जेस्कॉम में प्रैंचाइजी संचालनों के संबंध में यूटिलिटी अधिकारियों द्वारा कुछ समस्याएं बताई गई ।

### 4.4.1 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों पर यूटिलिटी का नियंत्रण कम होना

यूटिलिटी द्वारा प्रस्तुत मुख्य समस्याओं में से एक यह है कि माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों का उनके अधीन न होने के कारण, उनका एम एफ एफ पर नियंत्रण बहुत कम है । हालांकि, उन्होंने बताया कि तीन प्रभागों के अधिकांश माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी उचित प्रकार से कार्य कर रहें हैं तथा यहां कुछ मामले ही ऐसे हैं जिनमें माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी की सेवा समाप्त कर दी गई हो ।

### 4.4.2 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन तथा मॉनीटरिंग

यूटिलिटियों की एक समस्या यह है कि यहां प्रैंचाइजियों का मूल्यांकन करने के लिए कोई तंत्र नहीं है, जिसके फलस्वरूप माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी उचित प्रकार से कार्य कर नहीं सकते हैं । यूटिलिटी ने यह भी उल्लेख किया कि माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी के कार्य निष्पादन को मॉनीटर करना मुश्किल है । वस्तुत: यह सुझाव भी दिया गया कि इसके लिए पृथक एजेंसी को कार्यभार सौंपा जाए ।

### 4.4.3 व्यक्ति **बनाम एजेंसी**

माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी मीटर पठन आदि सहायता के लिए लोगों को नियुक्त नहीं कर सकते हैं, जैसा कि कर्नाटक के अन्य क्षेत्रों में आगत आधारित प्रैंचाइजी मॉडल के मामले में है । यूटिलिटी की राय में एक अकेले व्यक्ति की अपेक्षा एक समूह का कार्य अच्छा है तथा एक समूह ज्यादा प्रभावकारी हो सकता है । यह सुझाव दिया गया कि स्वयं सहायता समूहों (एस एच जी) को भी माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी के लिए कार्ययोग्य मॉडलों के रूप में लिए जाने पर विचार किया जाए ताकि सदस्यों के बीच उत्तरदायित्वों की सहभागिता हो सके ।

---

## 4.5 उपभोक्ता सर्वेक्षण

प्रारंभिक सर्वेक्षण के एक अंश के रूप में 31 गांवों के एक यादृच्छिक नमूने का चयन किया गया ताकि माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों द्वारा संचालित गांवों के उपभोक्ताओं से फीडबैक प्राप्त की जा सके । सभी 31 गांव गुलबर्गा सर्किल के अंतर्गत आते हैं । इनमें 16 गांव गुलबर्गा -I प्रभाग से, 11 गांव गुलबर्गा -II प्रभाग से तथा 5 गांव यादगिर उप प्रभाग से हैं । गुलबर्गा-I प्रभाग के गुलबर्गा ग्रामीण उप प्रभाग के 16 गांवों, गुलबर्ग-II प्रभाग के जेवार्गी उप प्रभाग के 10 गांवों तथा यादगिर प्रभाग के शाहपुर उप प्रभाग के 5 गांवों का सर्वेक्षण किया गया । सर्वेक्षित गांवों की सूची इस अध्याय के अंत में सारणी-X में दी गई है । इन 31 गांवों से कुल 119 उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया गया । सर्वेक्षित कुल उपभोक्ता के 50% गुलबर्गा-I प्रभाग से थे जबकि 30% गुलबर्गा -II प्रभाग से तथा 20% यादगिर प्रभाग से थे । इन गांवों को चयन करने का मानदंड विभिन्न पैरामीटरों का एक मिश्रण है । इसमें आर जी जी वी वाई अथवा गैर आर जी जी वी वाई गांवों का वितरण शामिल है, चूंकि इस जिले के किसी गांव को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में अभी शामिल नहीं किया गया है, इसलिए सर्वेक्षण हेतु सभी गैर आर जी जी वी वाई गांवों को चुना गया ।

गांव का चयन करने के अन्य पैरामीटरों में, गांव में विद्युतीकरण का वर्ष, जिले के अंतर्गत गांव की भौगोलिक स्थिति तथा अंत में यूटिलिटी से प्राप्त फीडबैक को शामिल किया गया ।

सर्वेक्षण के लिए इन गांवों से विभिन्न टैरिफ श्रेणियों के उपभोक्ताओं को चुना गया । सर्वेक्षित टैरिफ श्रेणियों के वितरण से पता चला कि 68% कृषि, 6% व्यावसायिक तथा 26% घरेलू उपभोक्ता हैं ।

कुल 12 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों (प्रत्येक प्रभाग से चार) का साक्षात्कार किया गया । साक्षात्कार किए गए 12 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी में से 11 ने जून 2004 से कार्य शुरू कर दिया जबकि एक माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी ने दिसंबर 2006 में कार्यारम्भ किया ।

आकृति 4.1 : गुलबर्गा जिले में सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर

### 4.5.1 जागरूकता

गुलबर्गा जिले में सर्वेक्षण किए गए सभी गांव लगभग 25-30 वर्षों से विद्युतीकृत हैं । लगभग सभी गांवों के अधिकांश आवास भाग्यज्योति योजना के अंतर्गत विद्युतीकृत थे तथा कुछ आवासों (मुख्यत: नई कालोनियों) को अभी तक यूटिलिटी द्वारा नियमित कनैक्शन नहीं दिए गए थे ।

31 गांवों में सर्वेक्षण किए गए 119 उपभोक्ताओं में से लगभग 50% उनके क्षेत्र में प्रैंचाइजी की कार्य प्रणाली से परिचित हैं । जो योजना से परिचित हैं उन्होंने इन माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी को, बिलिंग तथा वसूली के लिए यूटिलिटी द्वारा नियुक्त किए गए, स्थानीय एजेंटों के रूप में देखा था । अधिकांश लोग, जो योजना से परिचित नहीं थे, ने इन ग्राम विद्युत प्रतिनिधियों को यूटिलिटी के एक अंश के रूप में देखा था ।

### 4.5.2 सामान्य विचार-विमर्श

उपभोक्ताओं के साथ हुई बातचीत से पता चला कि इस क्षेत्र में विद्युत स्थिति ज्यादा खराब नहीं है । वे न्यूनतम 15 घंटों के लिए एक फेस की विद्युत आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं । आवासियों का साक्षात्कार करने से ज्ञात हुआ कि घरेलू प्रयोजन के लिए औसतन विद्युत आपूर्ति लगभग 15 घंटे है जबकि कृषि प्रयोजन के लिए औसतन विद्युत आपूर्ति मात्र 4 घंटे थी । उदाहरण के लिए कुछ क्षेत्रों में और पंचायत के गांवों ने बताया कि रात में 3 फेस की आपूर्ति होती है तथा उसे कृषि के लिए प्रयुक्त नहीं किया जा सकता । सर्वेक्षण किए गए 74% उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें जरूरत के समय बिजली मिल रही है अथवा दूसरे अर्थ में कृषि के मौसम जैसे निर्णायक समय में विद्युत आपूर्ति के संबंध में उन्हें कोई समस्या नहीं है । पूरे क्षेत्र में कृषि मुख्य गतिविधि है । गुलबर्गा-I तथा II प्रभाग के अधिकतर गांव अपनी कृषि भूमि पर सिंचाई करने के लिए विद्युत पर निर्भर हैं । यादगिर प्रभाग में सर्वेक्षण किए गए अधिकतर गांव अपनी कृषि के लिए विद्युत आपूर्ति पर निर्भर नहीं है क्योंकि उनकी सिंचाई की आवश्यकता की पूर्ति नहरों से हो जाती है तथा ज्यादातर किसानों के पास पंप सेट भी नहीं है । यहां के किसान सीधे नहरों से या उठान तरीके से सिंचाई करते हें ये निचले इलाके, जिनमें धान की खेती होती है ।

सर्वेक्षण किए गए 65% उपभोक्ताओं ने वोल्टेज की समस्या के संबंध में बताया तथा यह ट्रंसफार्मर की समस्याओं, ढीले कनैक्शनों की वजह से है तथा गुलबर्ग-I प्रभाग के कुछ गांवों से यह शिकायत मिली की क्षेत्र में आटा मिलों द्वारा विद्युत की अधिक खपत के कारण आवासीय उद्देश्य के लिए विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है । सर्वेक्षण किए गए अधिकांश उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके संबंधित गांवों के लाईनमैन तुंत शिकायतों की (1-2 दिन में) सुनवाई करते हैं, वस्तुत: इन मुलाकातियों में 26% उनकी

विद्युत शिकायतों के निवारण के लिए माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी की जरूरत महसूस नहीं करते हैं तथा गांवों के कुछ लाईनमैनों को छोड़कर अधिकांश लाईनमैन के साथ उनकी पहुंच है ।

### 4.5.3 विद्युत क्षेत्र से संबंधित समस्याएं

सर्वेक्षण से पता चला कि सर्किल के अधिकतर गांव सूखाग्रस्त हैं । किसानों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 12 घंटे तक 3 फेस की विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए ताकि किसान अपने खेतों में सिंचाई कर सके, विशेषकर गुलबर्ग-I तथा गुलबर्ग-II के दो प्रभागों में जहां के किसान सिंचाई के लिए विद्युत पर निर्भर हैं । हालांकि, 3 फेस की औसत विद्युत आपूर्ति मात्र 5 घंटे होती है । कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए गुणता विद्युत आपूर्ति मुख्यत: जरूरी है । ट्रंसफार्मरों से संबंधित समस्याएं, जोकि, विशेषकर गुलबर्ग-I तथा गुलबर्ग-II के गांवों में विद्युत आपूर्ति, को बाधित करने में प्रमुख है, सभी उपभोक्ताओं के लिए गंभीर विषय है ।

सर्वेक्षण किए गए सभी गांवों में मीटर पठन का कार्य ग्राम विद्युत प्रतिनिधियों की कार्य-प्रणाली शुरू होने के बाद से प्रत्येक माह नियमित रूप से किया जा रहा है । इससे पूर्व उपभोक्ताओं को औसतन तीन महीनों में बिल मिलता था। लगभग शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं ने बताया कि अब बिल मासिक रूप से प्राप्त हो रहे हैं । इन उपभोक्ताओं का औसतन मासिक बिल 100/- रूपये है । भुगतान भी मुख्यत मासिक रूप से किया जा रहा है । यथार्थ में लोग माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों से बहुत खुश हैं, क्योंकि वे उपयुक्त तारीख को उपभोक्ताओं घर-घर जाकर भुगतान वसूलते हैं जिससे उन पर कई महीनों का बकाया भी इकठ्ठा नहीं होता है । माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों की कार्य प्रणाली शुरू होने से पूर्व उपभोक्ताओं को तीन माह में एक बार बिल प्राप्त होता था तथा बिल में राशि इतनी अधिक होती थी कि उपभोक्ताओं को उनको भुगतान करने में दिक्कत होती थी । आवासी, जो कि प्रारंभ में भुगतान करने के अनिच्छुक थे, को माइक्रो फीडर प्रैं चाईजियों ने मासिक रूप से भुगतान करने को प्रेरित किया ।

हालांकि, सवेर्क्षण के दौरान यह देखा गया कि भाग्यज्योति योजनाओं अंतर्गत अधिकतर आवासी कोई भुगतान नहीं कर रहे थे, क्योंकि वे यह मानते हैं कि यह सब्सिडीये रूप में है अथवा प्रत्याशा कर रहे थे कि सब्सिडी सरकार से मिलेगी ।

आकृति 4.2: गुलबर्गा जिले में विद्यमान विद्युत क्षेत्र अवसंरचना की स्थिति

---

## 4.6 विद्यमान मॉडल में अनुभव

यूटिलिटी तथा उपभोक्ताओं के अलावा गुलबर्गा जिले में हमारी कार्य प्रणाली के अध्ययन के रूप में प्रैंचाइजियों का भी साक्षात्कार किया गया ताकि तंत्र के संबंध में उनके अभिमत प्राप्त हो सकें। कुल संचालित 297 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों में से 12 प्रैंचाइजियों के यादृच्छिक नमूनों का सर्वेक्षण किया गया।

### 4.6.1 योजना से लाभ

एक माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजी ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए ग्राहक सेवा के रूप में कार्य करना है तथा संभवत: उपभोक्ताओं की सेवा करके राजस्व उगाही में सुधार करना है । प्रारंभिक सर्वेक्षण से माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजियों के कुछ लाभ उजागर हुए ।

### 4.6.1.1 राजस्व वसूली में बढ़ोतरी

समग्र रूप से, यहां राजस्व वसूली में बढ़ोतरी हुई है, जो कि बेस वसूली के संदर्भ में लगभग 94-95% है ।

सारणी 4.5: जेस्कॉम में बिलिंग कुशलता में सुधार का ब्यौरा

| क्रमांक | प्रभाग का नाम | बिलिंग कुशलता (फ्रैंचाईजी से पूर्व, मई 2004) | बिलिंग कुशलता (फ्रैंचाईजी के उपरांत, दिसंबर 2006) |
|---|---|---|---|
| 1. | गुलबर्गा –I | 83% | 98% |
| 2. | गुलबर्गा-II | 83% | 95% |
| 3. | यादगिर | 88% | 94% |

उपरोक्त सारणी 4.5 फ्रैंचाइजी की कार्य प्रणाली शुरू होने के पूर्व/उपरांत, दोनों मदों में तीन प्रभागों की बिलिंग कुशलता को दर्शाती है । यह देखा जा सकता है कि बिलिंग कुशलता तीनों प्रभागों में बढ़ी है ।

माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजियों ने साक्षात्कार के दौरान बताया कि उनकी कार्य प्रणाली शुरू होने के उपरांत राजस्व उगाही में 20 से 50% की वृद्धि हुई है ।

### 4.6.1.2 बिलिंग तथा बिल वसूली कुशलता में बढ़ोतरी

सर्वेक्षण किए गए सभी माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजी मासिक रूप से बिल प्रस्तुत करते हैं तथा राजस्व वसूली करते हैं । इस प्रकार सभी माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजियों ने बताया कि उनकी तैनाती के उपरांत बिलिंग तथा बिल वसूली में सुधार हुआ है । सभी 31 गांवों में, सर्वेक्षण किए गए उपभोक्ताओं ने कहा कि अब बिलिंग तथा बिल वसूली मासिक रूप से की जा रही है । इससे पहले बिल 2 से 5 महीने मे जारी किए जाते थे तथा लोग भी एक साथ बड़ी धनराशि का भुगतान करने में हिचकिचाते थे तथा बकाया लगातार बढ़ता रहता था ।

### 4.6.1.3 ग्रामीण युवकों को रोजगार के अवसर

माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजी योजना से ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवकों को रोजगार के अवसर मिले हैं । सर्वेक्षण किए गए सभी गांव मुख्यत: कृषि पर निर्भर हैं तथा क्षेत्र में तकनीकी रूप से योग्यता प्राप्त युवकों के लिए कोई रोजगार के अवसर नहीं है । सर्वेक्षित माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजियों ने बताया कि उन्होंने इसे आय अर्जन के स्रोत के रूप में ग्रहण किया है न कि नौकरी की प्रकृति से प्रेरित होकर । अधिकांश माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजी ये मानते हैं कि, यद्यपि इस गतिविधि से प्राप्त आय कम है, लेकिन उन्हें यह कार्य पसंद है तथा उनके गांव में रहते हुए यह एक अच्छा रोजगार है । माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजी अपने कार्य के प्रतिरूप से संतुष्ट हैं । हालांकि, बहुत से फ्रैंचाइजीयो को आशा है कि उन्हें यूटिलिटी में आमेलित कर लिया जाएगा तथा वे संभवता जेस्कॉम के नियमित कर्मचारी बन जाएंगे । इसका एकमात्र कारण यह भी है कि, गतिविधि से कम आय के बावजूद, उन्हें रोजगार के अन्य अवसर नहीं है । हालांकि फ्रैंचाइजी अपने कार्य की प्रकृति से संतुष्ट हैं तथा चूंकि इसमें केवल एक ही व्यक्ति को नियुक्त किया गया है, इसलिए इस व्यवस्था का गांवें के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में कोई योगदान नहीं है । अधिकांश फ्रैंचाइजियों ने बताया कि इस कारोबार को ग्रहण करने का कारण यही है कि इससे उन्हें यूटिलिटी से नियमित नौकरी मिली है तथा भविष्य में नियमित रूप से वेतन प्राप्त होने की आशा है ।

### 4.6.1.4 यूटिलिटी तथा उपभोक्ता के बीच संपर्क

फ्रैंचाइजी के कार्य में केवल राजस्व वसूली, मीटर पठन, प्रिंटिंग, वितरण तथा बिलिंग शामिल है । माइक्रो फीडर फ्रैंचाइजी मामूली तथा प्रमुख मरम्मतों के प्रति जवाबदेय नहीं हैं । हालांकि वे यूटिलिटी अथवा लाईनमैन को खराबी की रिपोर्ट देकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण कर देते हैं । कुछ गांव के

लोगों के लाईनमैनों के साथ सीधा संपर्क है तथा बहुत से ऐसे गांव हैं जहां लोगों के पास ऐसी व्यवस्था नहीं है, इसलिए वे अपनी शिकायतों को माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों के पास दर्ज कराना सुविधाजनक मानते हैं । सर्वेक्षण किए गए कुछ माइक्रों फीडर प्रैंचाइजियों ने बताया कि वे मामूली दोषों को ठीक करने के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं । इससे न केवल उपभोक्ताओं का उनमें विश्वास बढ़ेगा अपितु राजस्व वसूली का कार्य भी अच्छा हो सकेगा ।

#### 4.6.1.5 उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी

अध्ययन से पता चला कि पिछले 3 वर्षों के दौरान यहां घरेलू तथा सिंचाई पंपसैटों के कनैक्शन में बढ़ोतरी हुई है । माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों के सर्वेक्षण से पता चला है कि उपभोक्ताओं की संख्या में 10 से 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है । हालांकि, अधिकांश माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों की यह राय थी कि उनकी कार्य प्रणाली शुरू होने के उपरांत काउंटर वसूली करने से राजस्व वसूली में बहुत वृद्धि हुई है । उपभोक्ताओं को नियमित रूप से मासिक बिल प्राप्त होने के साथ उपभोक्ता सीधे यूटिलिटी में आकर भुगतान करने लगे हैं । ऐसा अधिकतर उन गांवों में संभव है जिनके नजदीक बिल वसूली काउंटर हैं न कि दूरवर्ती गांवों में ।

#### 4.6.1.6 घर-घर जाकर राजस्व वसूली

माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी योजना का सबसे बड़ा लाभ, उनके घर-घर जाकर बिलों की उगाही करने से हुआ । इससे उपभोक्ताओं को न केवल समय की बचत हुई बल्कि वसूली काउंटर केंद्रों पर जाने का परिवहन खर्च भी बचा । सर्वेक्षण किए गए सभी उपभोक्ताओं से पता चला कि एम एफ एफ प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत सुविधाजनक है ।

आकृति 4.3 : जेस्कॉम में बिलिंग तथा मुद्रण कार्य करते माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी

### 4.6.2 विफलताएं तथा परिसीमाएं

एम एफ एफ परियोजना से हुए बहुत से लाभों का ऊपर उल्लेख किया गया है, हालांकि, हितधारको द्वारा बतायी गई समस्याओं को भी नोट किया जाए ।

#### 4.6.2.1 अपर्याप्त पारिश्रमिक

सर्वेक्षित सभी माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों ने मुख्य समस्या, पारिश्रमिक का कम मिलना बताया । उनकी औसत आमदनी लगभग 1500/- रूपये बतायी गयी । इन प्रैंचाइजियों के अंतर्गत औसतन पाँच गांव आते हैं । सर्वेक्षित इन सभी माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों ने शिकायत की वे मीटर पठन, बिल वितरण तथा बिल मुद्रण की डयूटियां निष्पादित कर रहे हैं, लेकिन उन्हें काउंटर वसूलियों, जिसे उनकी वसूलियों में दर्शाया नहीं गया है, का कोई लाभ नहीं मिला है । उनकी आमदनी उनके द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आधार पर है जबकि सीधे काउंटरों पर वसूली के कारण वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाने में असमर्थ हैं ।

#### 4.6.2.2 उगाही लक्ष्य

माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी प्रत्येक तिमाही में आधार रेखा लक्ष्यों को पूर करते हैं, और यदि उपलब्धि इससे अधिक होती है तो अगली तिमाही के लिए उनके लक्ष्य में वृद्धि कर दी जाती है । हालांकि कुछ मामलों में वे मौसमी कारणों से लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर पाते तथा उन्हें जुर्माना देना पड़ता है । बहुत से प्रैंचाइजियों ने यह शिकायत की उन्हें पारिश्रमिक उनके कार्य के आधार पर नहीं दिया जाता ।

### 4.6.2.3 यूटिलिटी द्वारा भुगतान में विलंब

अधिकांश माइक्रों फीडर प्रैंचाइजियों ने शिकायत की कि उन्हें भुगतान मासिक आधार पर नहीं किया जा रहा है। अधिकतर मामलों में भुगतान 3 महीनों के बाद होता है । कुछ प्रैंचाइजियों का परिवहन पर अधिकतम रूपये 1200/- तक खर्च होता है तथा भुगतान में विलंब होने का अर्थ है माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों का गंभीर आर्थिक समस्या से गुजरना ।

### 4.6.2.4 माइक्रो फीडर प्रैंचाईजियों को प्रशिक्षण का अभाव

सर्वेक्षित सभी 12 माइक्रो फीडर प्रैंचाईजियों ने बताया कि उन्हें केवल कार्य प्रणाली शुरू करने के समय एक प्रशिक्षण दिया गया था । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मीटर पठन, यूनिटों के लिए बिलिंग, बिल वसूली, उपभोक्ताओं के साथ वैयक्तिक संपर्क तथा बिल वसूली के लिए उपभोक्ता को प्रेरित करना शामिल था । हालांकि, प्रैंचाइजियों की यह राय थी कि उन्हें मामूली घरेलू मरम्मतों का निपटान करने जैसे प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है ।

### 4.6.2.5 स्थानीय लोगों को नियोजित करने के दोष

यद्यपि एक स्थानीय व्यक्ति को एम एफ एफ के रूप में नियोजित करने से अभिगम्यता में वृद्धि हुई है तथा उसके बहुत से लाभ हैं, किंतु कुछ मामलों में देखा गया है कि जो व्यक्ति स्थानीय लोगों के साथ वर्षों से रह रहा हो,उसका उनको विद्युत बिलों का भुगतान करने के लिए बोलना मुश्किल हो जाता है । कुछ मामलों में सूचना मिली कि, चूंकि एम एफ एफ एक स्थानीय व्यक्ति है,अत: कोई उसकी सुनता ही नहीं ।

### 4.6.2.6 स्पॉट बिलिंग मशीनों की आपूर्ति कम होना

पूरे क्षेत्र में एक हस्त प्रयोगी मशीन को दो माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी इस्तेमाल करते हैं। अधिकांश प्रैंचाइजियों ने बताया कि स्पॉट बिलिंग मशीनों की आपूर्ति एक प्रमुख समस्या है । प्रैंचाइजियों ने बताया कि यदि प्रत्येक को एक स्पॉट बिलिंग मशीन दिया जाना सुविधाजनक होगा । कुछ मामलों में माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों ने बताया कि उन्हें बिल वसूली के लिए आठ गांवों तक में जाना पड़ता है तथा इस प्रकार एक साझी मशीन से काम चलाना मुश्किल हो जाता है ।

### 4.6.2.7 काम न करने वाले एम एफ एफ का मुद्दा

आंकड़ों से ज्ञात हुआ कि 12% माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी कार्य छोड़ चुके हैं तथा 1% से भी कम का कार्य समाप्त कर दिया गया है । कार्य छोड़कर जाने वाले प्रैंचाइजियों का मुख्य कारण उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिलना था । अधिकांश यूटिलिटियों ने बताया कि उनकी मासिक औसतन आय 1500/- रूपये थी । चूंकि परिवहन का खर्च अधिक था तथा कार्य भी थकाऊ था, इसलिए अधिकांश माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों की यह राय थी कि उन्हें कम से कम रूपये 2000/- प्रति माह मिलना चाहिए ।

### 4.6.2.8 वर्षों के दौरान एम एफ एफ रचना में गिरावट

यह नोट करने योग्य है कि जून 2004 में तीन प्रभागों के अंतर्गत 339 माइक्रो फीडर प्रैंचाइजियों ने कार्य शुरू किया, जिसमें से 39 प्रैंचाइजियों ने कार्य त्याग दिया तथा तीन के कार्य की समाप्ति कर दी गई । हालांकि, प्रैंचाइजियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई। यह इस वजह से हुआ कि लोगों ने निम्नलिखित कारणों से प्रैंचाइजी बनने का विरोध किया:-

- अपर्याप्त पारिश्रमिक ।
- यूटिलिटी द्वारा उनको पारिश्रमिक का भुगतान करने में विलंब ।

- परिवहन खर्च ज्यादा होना तथा कुछ मामलों में गांव ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में हैं जहां पर सार्वजनिक परिवहन से नहीं पहुंचा जा सकता ।
- बैंक जमा अदायगी अथवा बैंक गारंटी देने में परेशानी ।

### 4.6.2.9 आर जी जी वी वाई योजना के प्रति जागरूकता

गुलबर्गा जिले के लिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का अनुमोदन हो चुका है । योजना में एच टी लाइनों, एल टी लाइनों जैसी बुनियादी सुविधाओं का सृजन तथा ग्रामीण आवासों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का प्रावधान करना शामिल है । हालांकि, साक्षात्कार किए गए सभी माइक्रो फीडर प्रैंचाइजी आर जी जी वी वाई योजना से परिचित नहीं थे ।

### 4.6.2.10 विद्युत भुगतान में सब्सिडियां अवरोधन के रूप में

